आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, शामली, अमरोहा, मेरठ, लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 अंक : 134 हापुड़, शुक्रवार 29 नवम्बर 2024 RNI.NO. UPHIN/2020/86789 मूल्य:03 पेज: 06

## प्रियंका के लिए राहुल गांधी बने फोटोग्राफर, बहन को सीढ़ियों पर रोककर तस्वीरें लीं

नई दिल्ली । केरल के वायनाड से उपचुनाव जीत कर आईं प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज संसद सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें शपथ दिलाई। इस मौके पर समस्त गांधी परिवार संसद में मौजूद रहा। इसके साथ ही देश की संसद में गांधी परिवार के एक और सदस्य का प्रवेश हो गया है। प्रियंका गांधी नेहरू परिवार की 16वीं सदस्य हैं जो लोकसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। इस दौरान राहुल और प्रियंका के बीच जबरदस्त बॉन्ड्रिंग देखी गई। संसद में प्रवेश करते वक्त राहुल फोटोग्राफर की भूमिका में नजर आए। उन्होंने अपनी बहन की कई तस्वीरें खीचीं। देश के संसदीय इतिहास में ऐसा शायद ही हुआ होगा जब लोकसभा में गांधी परिवार का कम से कम एक सदस्य न पहुंचा हो। ऐसे भी मौके आए हैं जब गांधी-नेहरू परिवार से जुड़े 5-5 सदस्य लोकसभा में एक साथ पहुंचे। मौजूदा



लोकसभा में राहुल गांधी के बाद उनकी बहन प्रियंका भी संसद पहुंच गईं। राहुल और प्रियंका की मां सोनिया गांधी लंबे समय तक लोकसभा सांसद रही हैं। कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने हाल ही में वायनाड लोकसभा उपचुनाव में बड़ी जीत हासिल की है। राहुल गांधी के वायनाड सीट छोड़ने के बाद उनकी बहन प्रियंका गांधी यहां चुनावी मैदान में उतरी थीं। करीब साढ़े तीन दशक का खुद का राजनीतिक अनुभव बताने वाली प्रियंका पहली बार चुनावी राजनीति में दाखिल हुईं और वायनाड से उपचुनाव लड़ा। प्रियंका गांधी ने सक्रिय राजनीति में काफी देरी से कदम रखा। इससे पहले वो केवल अपनी मां और भाई के लिए चुनाव प्रचार करती हुई नजर आती थीं। 2004 के लोकसभा चुनाव में वह अपनी मां सोनिया गांधी की चुनाव अभियान प्रबंधक थीं और अपने भाई राहुल गांधी के चुनाव प्रबंधन में मदद की। प्रियंका के साथ उनके बेटे रेहान राजीव वाड्रा और बेटी मिराया वाड्रा भी पहुंचीं। वायनाड सीट पर हुए उपचुनाव में प्रियंका ने 410931 लाख वोट से जीत हासिल की। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को 622338 वोट मिले थे। यहां दूसरे नंबर पर माकपा के सत्यन मोकेरी रहे, जिन्हें 211407 वोट मिले। वहीं तीसरे स्थान पर भाजपा की नाव्या हरिदास रहीं, जिन्हें 109939 वोट मिले हैं। कांग्रेस महासचिव के शपथ ग्रहण के अवसर पर उनकी मां और पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पति रॉबर्ट वाड्रा, कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला और पार्टी के कुछ अन्य नेता मौजूद थे। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी प्रियंका को आशीर्वाद दिया। यह पहली बार है कि संसद में गांधी-नेहरू परिवार के तीन सदस्य हैं। प्रियंका के भाई राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं तथा उनकी मां सोनिया गांधी राज्यसभा की सदस्य हैं। प्रियंका वायनाड लोकसभा उपचुनाव में चार लाख से अधिक मतों के अंतर से जीती हैं। वह पहली बार किसी सदन की सदस्य बनी हैं। वह 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले सक्रिय राजनीति में उतरी थीं और उसके बाद से पार्टी महासचिव के रूप में जिम्मेदारी निभा रही हैं। प्रियंका गांधी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, देश से जुड़े अहम मुद्दों को उठाना प्राथमिकता होगी। हमारे लिए संविधान से ऊपर कुछ भी नहीं है और हम इसके लिए लड़ते रहेंगे। राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने वायनाड से सांसद के रूप में प्रियंका गांधी के संसद में शपथ लेने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि वह खुश और गौरवान्वित हैं। उन्होंने कहा, हम सभी बहुत खुश हैं और गर्व महसूस कर रहे हैं।

## संविधान की प्रति हाथ में लेकर प्रियंका गांधी ने लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रियंका गांधी केरल की वायनाड सीट से सांसद चुनी गई हैं। शपथ ग्रहण के दौरान प्रियंका गांधी ने कहा, मैं प्रियंका गांधी वाड्रा, जो लोकसभा की सदस्य निर्वाचित हुई हूं, सत्य निष्ठा से यह शपथ लेती हूं कि मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगी। मैं भारत की प्रभुता और अखंडता को अक्षुण्ण रखूंगी और जिस पद को मैं ग्रहण करने वाली हूं, उसके कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करूंगी। जय हिंद। सांसद पद की शपथ लेने के प्रियंका गांधी के हाथ में भारतीय संविधान की एक कॉपी थी। यह पल प्रियंका गांधी के लिए एक ऐतिहासिक पल था क्योंकि वह



पहली बार लोकसभा में सदस्य के रूप में शपथ ले रही हैं। बता दें कि केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारी अंतर से जीत दर्ज की है। उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के उम्मीदवार सत्यन मोकेरी को 4,10,931 वोटों के भारी अंतर से हराया है। प्रियंका गांधी को 6,22,338 और सत्यन मोकेरी को 2,11,407 वोट मिले हैं। वहीं, भाजपा उम्मीदवार नव्या हरिदास 1,09,939 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हालिया लोकसभा चुनाव में 3.65 लाख वोटों से वायनाड में जीत दर्ज की थी। जबकि उनकी बहन प्रियंका गांधी ने 4,10,931 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में दो सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस चुनाव में राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली और केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ा था और दोनों ही सीटों पर विजय प्राप्त की थी। हालांकि, बाद में उन्होंने लोकसभा में रायबरेली सीट से प्रतिनिधित्व करने का निर्णय लिया। इस फैसले के बाद वायनाड सीट खाली हो गई, जिस पर 13 नवंबर को वोटिंग हुई थी।

## अमित शाह पहुंचे देहरादून, धामी सहित अन्य नेताओं ने किया स्वागत



देहरादून । केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को देवभूमि उत्तराखंड के देहरादून पहुंचे। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, गणेश जोशी, डॉ. धन सिंह रावत, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, निवर्तमान महापौर, देहरादून, सुनील उनियाल गामा, भाजपा महामंत्री आदित्य कोठारी, बलजीत सोनी और राज्य के महानिदेशक पुलिस दीपम सेठ सहित अन्य लोगों ने भी श्री शाह का स्वागत किया।

## डिंपल यादव ने उत्तर प्रदेश पुलिस पर उठाए सवाल, संभल मुद्दे पर लोकसभा में चर्चा की मांग



नई दिल्ली । संसद के 25 नवंबर से शुरू शीतकालीन सत्र में विपक्ष के हंगामे के चलते बार-बार दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ रही है। इस बीच, समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने कहा है कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश के संभल में पिछले दिनों हुई हिंसा पर लोकसभा में चर्चा की मांग कर रही है। डिंपल यादव ने गुरुवार संसद भवन परिसर में मीडिया से कहा, हम चाहते हैं कि लोकसभा में संभल के मुद्दे पर चर्चा हो और लोकसभा स्पीकर की तरफ से हमें आश्वासन भी दिया गया है कि वह इस मुद्दे पर चर्चा करवाएंगे। सपा सांसद ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा, एक रोडमैप बना हुआ है। उत्तर प्रदेश में पुलिसकर्मी लोगों का उत्पीड़न कर रहे हैं। पहले वह एफआईआर लिखवाते हैं और फिर उनसे लगातार वसूली करते हैं। यह संभल का मामला तो है ही, लेकिन पूरे प्रदेश में इसी प्रणाली के तहत पुलिस और सरकार काम कर रही है। डिंपल यादव ने सरकार पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, मैं समझती हूं, जो सत्ता में लोग बैठे हैं, वे देश को पीछे ले जाने का काम कर रहे हैं और जिस तरह से ये घटनाएं देखने को मिल रही हैं, वे नहीं चाहते हैं कि हमारे युवाओं को रोजगार, बच्चों को आरक्षण मिले और महंगाई कम हो। मेरा मानना है कि सरकार लगातार एक ही बिंदु पर काम कर रही है कि कैसे लोगों का ध्यान भटकाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार और विपक्ष दोनों कह रहे हैं कि बहुत ही सुनियोजित तरीके से इस घटना को अंजाम दिया गया है। अगर आप घटना की क्रोनोलॉजी को देखें, जिस तरीके से 19 नवंबर को एक याचिका दायर की गई और उसके बाद उसी दिन जज कहते हैं कि सर्वे होना चाहिए। दो घंटे के भीतर ही प्रशासन सर्वे करने के लिए भी पहुंच जाता है। सर्वे के दौरान हमारे सांसद भी मौजूद रहते हैं और शांतिपूर्वक काम संपन्न होता है, मगर जुमे की नमाज के दौरान बैरिकेडिंग की गई और लोगों को रोका गया। डिंपल यादव ने कहा कि अचानक प्रशासन 23 नवंबर की रात को फैसला लेता है कि 24 नवंबर को फिर से सर्वे करेंगे। प्रशासन के लोग आगे चल रहे हैं और पीछे से नारेबाजी हो रही है, फिर भी प्रशासन ने नारेबाजी को नियंत्रित नहीं किया। यह प्रशासन द्वारा ही कराया गया घटनाक्रम है, क्योंकि कहीं न कहीं अपनी कुर्सी बचाने के लिए इसे अंजाम दिया गया है।

## प्रियंका संसद में बनेंगी महिलाओं की सशक्त आवाज - खरगे



नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि श्रीमती गांधी संसद में देश की जनता और खासकर महिलाओं की सशक्त आवाज बनेंगी। श्री खरगे ने कहा मुझे पूरा विश्वास है कि श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा संसद में देश के लोगों की, ख़ासकर महिलाओं की सशक्त आवाज बनेंगी। उनका कुशल नेतृत्व, करुणा, साहस, शालीनता और दृढ़ संकल्प तथा संविधान के सिद्धांतों के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता देश की जनता को लाभ पहुँचाएगी। गौरतलब है कि श्रीमती वाड्रा केरल की वायनाड संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव में भारी मतों से जीतकर आई हैं और वह पहली बार संसद सदस्य बनीं हैं। उन्होंने आज लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली और कहा कि वह संसद में जनता के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाएंगी।

## संभल हिंसा-अखिलेश ने फोटो जारी कर पूछा पहले पहल फसाद की वजह बने, उनकी तस्वीरें कब लगेंगी

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के संभल की हिंसा के बाद सियासी बयानबाजी और पोस्टरवार भी शुरू है। एक तरफ प्रशासन ने घटना में शामिल उपद्रवियों की तस्वीरें जारी की है। वहीं दूसरी तरफ सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी कर पूछा है जिन्होंने बवाल शुरू किया और जो पहले पहल फसाद की वजह बने, उनकी तस्वीरें कब लगेंगी? सपा मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को संभल हिंसा को लेकर एक तस्वीर जारी की है जिसमें सुप्रीमकोर्ट के अधिवक्ता विष्णु जैन के साथ अन्य लोग भी दिख रहे हैं। उन्होंने लिखा कि जिन्होंने बवाल शुरू किया और जो पहले पहल फसाद की वजह बने, उनकी तस्वीरें कब लगेंगी? दरअसल हिंसा के तीन दिन बाद बुधवार को पुलिस की ओर से जारी किए गए पोस्टरों में अधिकतर उपद्रवी अधिकतर नौजवान दिख रहे हैं। सभी मुंह बांधे हुए हैं। उनके हाथ में ईंट पत्थर भी नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कुछ



वीडियो भी वायरल हो रहे हैं जिसमें महिलाएं पत्थर चलाती नजर आ रही है। हालांकि उनके पोस्टर जारी नहीं हुए हैं। बवाल के बाद पुलिस-प्रशासन के अधिकारी लगातार कार्रवाई को आगे बढ़ा रहे हैं। सांसद जियाउर्रहमान बर्क को भी 168 का नोटिस तामील कराया गया था। वीडियो, सीसीटीवी और ड्रोन फुटेज से आरोपियों को चिह्नित किया गया। एसपी ने कहा कि किसी भी निर्दोष को डरने की जरूरत नहीं है लेकिन जो लोग उपद्रव में शामिल रहे हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। एसपी ने लोगों से उपद्रवियों की सूचना देने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी और उन्हें इनाम भी दिया जाएगा। ज्ञात हो कि बीते रविवार को संभल की शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा मामले में चार लोगों की मौत हो गई और कई पुलिसवाले घायल हो गए। इसको लेकर पुलिस ने पत्थरबाजी करने वाले की पहचान की है और इस मामले में अब तक कई लोगों को गिरफ्तार किया है।

## बदलते परिदृश्य में हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे सेना-मुर्मु

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि तेजी से बदलती भू-राजनीतिक स्थिति में सेनाओं को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने की जरूरत है। श्रीमती मुर्मु ने गुरूवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन स्थित रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज के छात्र अधिकारियों और शिक्षकों को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि देश विकास के पथ पर आगे बढ रहा है और दुनिया रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में हमारे विकास को स्वीकार कर रही है। भारत भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के उद्देश्य से सशस्त्र बलों को तैयार रखने के लिए स्वदेशीकरण और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक प्रमुख रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है और एक विश्वसनीय रक्षा भागीदार और बड़ा रक्षा निर्यातक बनने की ओर अग्रसर है। राष्ट्रपति ने कहा कि तेजी से बदलते भू-राजनीतिक माहौल में हमें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखना है बल्कि साइबर युद्ध और आतंकवाद जैसी नई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के लिए भी तैयार रहना है। जलवायु परिवर्तन का मुद्दा नए आयाम हासिल कर रहा है जिसे समझने और प्रबंधित करने की जरूरत है। गहन शोध पर आधारित अद्यतन ज्ञान और अत्याधुनिक तकनीकों को लागू करने की जरूरत है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज ने भारत और मित्र देशों के सशस्त्र बलों के अधिकारियों और नागरिक अधिकारियों को प्रशिक्षित करने तथा शिक्षित करने में सराहनीय योगदान दिया है। पिछले सात दशकों में इसने मध्यम स्तर के अधिकारियों को पेशेवर रूप से तैयार करने में प्रमुख भूमिका निभाई है। राष्ट्रपति



ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों का सभी सम्मान करते हैं। सशस्त्र बल देश की सीमाओं और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने में सबसे आगे हैं। राष्ट्रीय हितों की निरंतर रक्षा करने के लिए राष्ट्र को रक्षा बलों पर गर्व है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि यह अच्छी बात है कि महिला अधिकारी अब तीनों सेनाओं में विभिन्न इकाइयों की कमान संभाल रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती ताकत और भूमिका सभी के लिए, विशेषकर युवा लड़कियों के लिए उत्साहजनक और प्रेरणादायक है। उन्होंने सशस्त्र बलों में अधिक से अधिक महिलाओं के शामिल होने की उम्मीद जताई, जहां वे असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकेंगी और अज्ञात क्षेत्रों में नई जमीन हासिल कर सकेंगी।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पाठ्यक्रम छात्र अधिकारियों को जिम्मेदारियों के लिए तैयार करेगा तथा ऐसे रणनीतिकार बनाएगा जो जटिल परिस्थितियों से प्रभावी तरीके से निपट सकें।

## प्रधानमंत्री मोदी ने हेमंत सोरेन को झारखंड का सीएम बनने पर दी बधाई

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को हेमंत सोरेन को झारखंड का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। साथ ही उनके आगे के कार्यकाल की भी शुभकामनाएं दी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन ने झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हेमंत सोरेन को बधाई देता हूं। उनके आगामी कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हेमंत सोरेन को झारखंड का सीएम बनने पर बधाई दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में पुन: शपथ लेने के लिए हेमंत सोरेन जी को हार्दिक बधाई। मैं उन्हें उनके नए कार्यकाल की शुभकामनाएं देता हूं।



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए हेमंत सोरेन जी और मेरी प्यारी कल्पना सोरेन को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। झारखंड की जनता ने एक बार फिर 'इंडिया' और हेमंत सोरेन को सेवा का मौका दिया है। अबुआ सरकार चुनने वाली झारखंड की जनता को भी खूब बधाई। हेमंत सोरेन झारखंड में चौथी बार मुख्यमंत्री बनने वाले पहले राजनेता बन गए हैं। उनके नेतृत्व वाले झामुमो, कांग्रेस, राजद और सीपीआईएमएल के गठबंधन ने 13 और 20 नवंबर को कराए गए चुनाव में 56 सीटों पर जीत के साथ दो तिहाई बहुमत हासिल किया है। शपथ ग्रहण समारोह में इंडिया ब्लॉक के कई शीर्ष नेता मंच पर मौजूद रहे। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, सीपीआई (एमएल) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके. शिवकुमार, बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, बिहार के पूर्णिया से सांसद राजीव रंजन उर्फ पप्पू यादव भी मौजूद रहे। हेमंत सोरेन को मिलाकर अब तक कुल सात राजनेता झारखंड में मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे हैं। इनमें बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, शिबू सोरेन, मधु कोड़ा, रघुवर दास और चंपई सोरेन शामिल रहे हैं।

## महाकुंभ 2025 - मेला ड्यूटी में कार्यरत पुलिसकर्मियों की सेहत का ध्यान रख रही योगी सरकार

प्रयागराज । महाकुंभ मेला ड्यूटी में कार्यरत पुलिस कर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के उद्देश्य से एक विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 नवंबर को पुलिस लाइन परेड, कुंभ मेला प्रयागराज में आयोजित होगा। मालूम हो कि महाकुंभ में ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मियों पर बड़ी जिम्मेदारी होती है। उनकी सेवा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह चिकित्सा शिविर एक महत्वपूर्ण कदम है। इस शिविर के माध्यम से पुलिस कर्मियों को न केवल आवश्यक स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलेगी, बल्कि मानसिक




तनाव से निपटने के लिए भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। चिकित्सा शिविर 30 नवंबर को प्रात: 11.00 बजे से शुरू होगा। पुलिस लाइन परेड, कुंभ मेला, प्रयागराज में आयोजित होने वाले इस शिविर का उद्देश्य महाकुंभ ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना, ताकि वे अपनी ड्यूटी बेहतर तरीके से निभा सकें। शिविर का संचालन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर गौरव दुबे की देखरेख में किया जाएगा। चिकित्सा शिविर अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के निर्देशन में संपन्न होगा। अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज मंडल ने इस आयोजन की जानकारी देते हुए कहा कि यह शिविर पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। महाकुंभ के दौरान 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच 6 प्रमुख स्नान होने हैं।

उनमें 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा, 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 3 फरवरी को बसंत पंचमी, 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के स्नान होंगे। योगी सरकार के मुताबिक, इस बार कुंभ का क्षेत्र बढ़ाया गया है। पहले 1,800 हेक्टेयर का क्षेत्र हुआ करता था, जो बढ़कर 2,000 हुआ, फिर 2,500 और कुंभ में यह 3,200 हेक्टेयर तक पहुंच गया। इस बार यह 4,000 हेक्टेयर के विस्तृत भूभाग में आयोजित किया जाएगा।

इसके लिए 25 सेक्टर बनाए गए हैं। इसके अलावा 1,850 हेक्टेयर की पार्किंग भी संगम तट से एक निश्चित स्थान पर प्रदान की जा रही है। इसके अलावा 14 फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए जा रहे हैं। वहीं, 9 पक्के घाट बनाए जा रहे हैं, 7 रिवर फ्रंट रोड, 12 किलोमीटर का अस्थायी घाट और 7 बस स्टैंड बनाए जा रहे हैं।

# संपादकीय

## मां तो आखिर मां होती है....

एक छोटे से कसबे में समीर नाम का एक लड़का रहता था। बचपन में ही पिता की मृत्यु हो जाने के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति बड़ी दयनीय थी, समीर की मां कुछ पढ़ी-लिखी जरुर थीं लेकिन उतनी पढाई से नौकरी कहां मिलने वाली थी सो घर-घर बर्तन मांज कर और सिलाई-बुनाई का काम करके किसी तरह अपने बच्चे को पढ़ा-लिखा रही थीं। समीर स्वाभाव से थोड़ा शर्मीला था और अक्सर चुप-चाप बैठा रहता था। एक दिन जब वो स्कूल से लौटा तो उसके हाथ में एक लिफाफा था। उसने मां को लिफाफा पकड़ाते हुए कहा, 'मां, मास्टर साहब ने तुम्हारे लिए ये चिट्ठी भेजी है, जरा देखो तो इसमें क्या लिखा है?' मां ने मन ही मन चिट्ठी पढ़ी और मुस्कुरा कर बोलीं, 'बेटा, इसमें लिखा है कि आपका बेटा काफी होशियार है, इस स्कूल के बाकी बच्चों की तुलना में इसका दिमाग बहुत तेज है और हमारे पास इसे पढ़ाने लायक शिक्षक नहीं हैं, इसलिए कल से आप इसे किसी और स्कूल में भेजें।' यह बात सुन कर समीर को स्कूल न जा सकने का दु:ख तो हुआ पर साथ ही उसका मन आत्मविश्वास से भर गया कि वो कुछ खास है और उसकी बुद्धि तीव्र है। मां, ने उसका दाखिला एक अन्य स्कूल में करा दिया। समय बीतने लगा, समीर ने खूब मेहनत से पढाई की, आगे चल कर उसने सिविल सर्विसेज परीक्षा भी पास की और आईएएस ऑफिसर बन गया। समीर की मां अब बूढी हो चुकीं थीं, और कई दिनों से बीमार भी चल रही थीं, और एक दिन अचानक उनकी मृत्यु हो गयी। समीर के लिए ये बहुत बड़ा आघात था, वह बिलख-बिलख कर रो पड़ा उसे समझ नहीं आ रहा था कि अब अपनी मां के बिना वो कैसे जियेगा... रोते-रोते ही उसने मां की पुरानी अलमारी खोली और हाथ में उनकी माला, चश्मा, और अन्य वस्तुएं लेकर चूमने लगा। उस अलमारी में समीर के पुराने खिलौने, और बचपन के कपड़े तक संभाल कर रखे हुए थे समीर एक-एक कर सारी चीजें निकालने लगा और तभी उसकी नजर एक पुरानी चिट्ठी पर पड़ी, दरअसल, ये वही चिट्ठी थी जो मास्टर साहब ने उसे 18 साल पहले दी थी। नम आंखों से समीर उसे पढने लगा- ''आदरणीय अभिभावक, आपको बताते हुए हमें अफसोस हो रहा है कि आपका बेटा समीर पढ़ाई में बेहद कमजोर है और खेल-कूद में भी भाग नहीं लेता है। जान पड़ता है कि उम्र के हिसाब से समीर की बुद्धि विकसित नहीं हो पायी है, अत: हम इसे अपने विद्यालय में पढ़ाने में असमर्थ हैं। आपसे निवेदन है कि समीर का दाखिला किसी मंद-बुद्धि विद्यालय में कराएं अथवा खुद घर पर रख कर इसे पढाएं। सादर, प्रिन्सिपल''समीर जानता था कि भले अब उसकी मां इस दुनिया में नहीं रहीं पर वो जहां भी रहें उनकी ममता उनका आशीर्वाद सदा उस पर बना रहेगा! मां से बढ़कर त्याग और तपस्या की मूरत भला और कौन हो सकता है ? हम पढ़-लिख लें, बड़े हो कर कुछ बन जाएं इसके लिए वो चुपचाप ना जाने कितनी कुर्बानियां देती है, अपनी जरूरतें मार कर हमारे शौक पूरा करती है। यहां तक कि संतान बुरा व्यवहार करे तो भी मां उसका भला ही सोचती है! सचमुच, मां जैसा कोई नहीं हो सकता!

## शनिदेव को सरसों के तेल चढ़ाने के पीछें है पौराणिक कथा, जानिए

शनिवार आता नही कि हम हर शनि मंदिर में देखते है कि शनि भगवान में उनके भक्त सरसों का तेल चढ़ा रहे होते है। जिसके कारण शनि भगवान की मूर्ति सरसों के तेल से डूब जाती है। उस समय हमारें दिमाग में यह बात जरुर आती होगी कि आखिर शनि भगवान को सरसों का तेल क्यो चढ़ाया जाता है। वो भी केवल शनिवार के दिन ही क्यों। हिंदू धर्म के अनुसार माना जाता है कि शनि भगवान को तेल चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। ऐसा माना जाता है। साथ ही यह भी कहा जाता है कि अगर आापको साढ़े सती या ढय्या लगी हो तो हर शनिवार के दिन शनि मंदिर में जाकर सरसों का तेल और कालें तिल चढ़ाने चाहिए। इससे आपको शनि का कृपा मिलती है। जानिए सरसों का तेल चढ़ाने की पौराणिक कथा के बारें। रामायण के अनुसार पौराणिक कथा- हिंदू धर्म की ग्रंथ रामायण में इस बारें में विस्तार से लिखा है। इसके अनुसार रामायण काल में एक बार शनि देव को अपने बल और पराक्रम पर घमंड हो गया था। लेकिन उस काल में भगवान हनुमान के बल और पराक्रम की कीर्ति चारों दिशाओं में फैली हुई थी। जब शनि देव को भगवान हनुमान के बारें में पता चला तो वह भगवान हनुमान से युद्ध करने के लिए निकल पड़े। जब भगवान शनि हनुमान के पास पहुचें तो देखा कि भगवान हनुमान एक शांत स्थान पर अपने स्वामी श्रीराम की भक्ति में लीन बैठे है। शनिदेव ने उन्हें देखते ही युद्ध के लिए ललकारा। जब भगवान हनुमान ने शनिदेव की युद्ध की ललकार सुनी तो वह शनि देव को समझाने लगे कि यह सही नही है। लेकिन शनिदेव ने एक बात न मानी और युद्ध के लिए अड़ गए। इसके बाद भगवान हनुमान शनिदेव के साथ युद्ध के लिए तैयार हो गे। अंत में दोनों के बीच घमासान युद्ध हुआ। इस युद्ध में शनिदेव भगवान हनुमान से बुरी तरह हार गए। भगवान हनुमान के प्रहारों से शनिदेव का पूरा शरीर चुटहिल हो गया जिसके कारण उसमें दर्द होने लगा। इसके बाद भगवान ने शनिदेव को तेल लगाने के लिए दिया। जिससे उनका पूरा दर्द गायब हो गया। इसी कारण शनिदेव ने कहा जो भी मनुष्य मुझे सच्चे मन से तेल चढ़ाएगा। उसकी सभी पीडा हर लूंगा और सभी मनोकामनाएं पूर्ण करुगा। इसी कारण तब से शनिदेव को तेल चढ़ाने की परंपरा की शुरुआत हुई और शनिवार का दिन शनिदेव का दिन होता है। जिसके कारण इस दिन तेल चढ़ानें से जल्द आपकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

## 29 नवंबर 2024 का पंचांग

सूर्योदय- 06.54 प्रात-
सूर्यास्त- 05.36 सायं
सूर्य राशि- वृश्चिक।
चंद्र उदय- 04.58 रात्रि
चंद्र अस्त- 04.09 दोपहर
चंद्रमा- प्रात- 06.03 उपरांत वृश्चिक राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना कार्तिक 28 पूर्णिमांत महीना मार्गशीर्ष- 14 पक्ष-कृष्ण पक्ष 13
तिथि-त्रयोदशी प्रात- 08.40 तक, बाद में चतुर्दशी,नक्षत्र- स्वाति प्रात- 10.18 तक बाद में विशाखा,
योग-शोभन दोपहर 04.33 तक बाद में अतिगंड, करण- वणिज प्रात- 08.40 तक बाद में विष्टी रात्रि- 09.38 तक बाद में शकुनी, राहु काल प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक, कुलीक काल प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक यमगंड दोपहर- 03.00 से 04.30 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त प्रात- 11.53 से 12.36 तक दुमुहूर्त प्रात- 09.02 से 09.45 तक व दोपहर 12.36 से 01.19 तक अमृत काल रात्रि- 2.56 से 4.41 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.18 से 06.06 तक।

## आज 29 नवंबर का दैनिक राशिफल।

मेष- घर में सकारत्मक माहौल का अनुभव होगा, रिश्ते की बात आगे बढ़ सकती है, किसी परीक्षा की तैयारी थोड़ी कम हो रही है उस पर भी ध्यान दे।
भाग्य प्रतिशत-73

वृषभ- मन में किसी से हिसाब चुकाने का विचार आ सकता है, किसी मामले में रिस्क लेना चाहेंगे, जनता का कार्य करने से धन लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-70

मिथुन-बहुत अधिक परिश्रम ना करें स्वास्थ्य समस्या सम्भव है, बैंकिंग केस में मुश्किल आ सकती है, कम पैसे में कोई काम करना पड़ सकता है।
भाग्य प्रतिशत-50

कर्क-अच्छा कार्य करने से प्रतिष्ठा बढ़ेगी, बाहरी लोगों से संपर्क अच्छे होंगे, जो विधा सीखी है उस पर ज्यादा काम करने की ज़रूरत है।
भाग्य प्रतिशत-71

सिंह-अपने से छोटे लोगों पर उपकार करेंगे, विदेशी माहौल में घुलने मिलने में परेशानी जरूर आयेगी, लीगल कार्यवाही में चौकन्ने रहे।
भाग्य प्रतिशत-67

कन्या-परिश्रम करेंगे लेकिन लाभ उतना नहीं होगा, डेंटिस्ट, होम्योपैथिक डॉक्टर,फिजियोथेरेपिस्ट के जाना पड़ सकता है, बच्चों पर निगरानी रखें।
भाग्य प्रतिशत-48

तुला- किसी और प्रोफेशन में सेट होने के लिए प्रयास करेंगे, परिवार की जिम्मेदारी निभाना मुश्किल हो सकता है, पुत्र संतान कष्ट से होगी।
भाग्य प्रतिशत-52

वृश्चिक-वाद विवाद में सफ़लता मिलेगी,धार्मिक यात्रा भी कर सकते है, प्रेम समबन्ध में परिवार की हाँ, दूसरी ओर से ना हो सकती है।
भाग्य प्रतिशत-66

धनु- कहीं से पैसा मिलना तय होगा लेकिन मिलने में देरी होगी, कठोर वाणी ना रखें, कंधों हाथो में परेशानी सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-53

मकर-आय होने में दिक्कत आ सकती है लेकिन कहीं से इकट्ठी बड़ी रकम मिल जाएगी, गृह क्लेश को बढ़ावा ना दे, पूजा पाठ ज्यादा करें।
भाग्य प्रतिशत-55

कुम्भ- सोच विचार कुछ ज्यादा करेंगे, व्यवसाय में माल डिलिवर के बाद की रकम रुक सकती है, अपने साथ या आस पास कुछ नकारात्मक चीजें होती नजर आएगी।
भाग्य प्रतिशत-50

मीन- बुजुर्ग है तो ठंड का प्रकोप परेशान कर सकता है, वाहन में कुछ नए बदलाव करवा सकते है, घर में जरूरी दवा खत्म हो सकती है ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-50

## अजय देवगन ने फिल्म इश्क के 27 साल पूरे होने का मनाया जश्न



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने फिल्म इश्क के 27 साल पूरे होने का जश्न मनाया है। बी-टाउन के सबसे पॉपुलर कपल्स में से एक अजय देवगन और काजोल ने कई फिल्मों में स्क्रीन शेयर किया है। उनकी 1997 में प्रदर्शित फिल्म इश्क, इंद्र कुमार द्वारा निर्देशित एक रोमांटिक-कॉमेडी थी। फिल्म इश्क ने अब अपनी रिलीज के 27 साल पूरे कर लिए हैं और इस विशेष दिन का जश्न मनाने के लिये अजय देवगन ने प्रशंसकों के लिए एक मनमोहक पोस्ट साझा की है। उन्होंने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो तस्वीरों वाला एक कोलाज साझा किया। एक फ़िल्म %इश्क% की एक तस्वीर थी, जिसमें उन्हें और काजोल को एक साथ दिखाया गया और दूसरी जोड़ी की एक हालिया तस्वीर है। अजय देवगन ने पोस्ट को कैप्शन दिया, इश्क के 27 साल पूरे ञकाजोल। फिल्म इश्क़ में आमिर खान और जूही चावला भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म आज भी फैंस के बीच पसंदीदा बनी हुयी है। इस फिल्म में जॉनी लीवर, सदाशिव अमरापुरकर और दलीप ताहिल भी अहम किरदार में नजर आये।

## शाहिद कपूर स्टारर देवा 31 जनवरी 2025 को होगी रिलीज




मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर स्टारर देवा 31 जनवरी 2025 को रिलीज होगी। ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स की मच अवेटेड एक्शन थ्रिलर देवा, 31 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फ़िल्म देवा मलयालम फिल्मों के जाने-माने निर्देशक रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित हैऔर इसे ज़ी स्टूडियोज़ और सिद्धार्थ रॉय कपूर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म लगभग एक साल बाद शाहिद कपूर की बड़े पर्दे पर वापसी का मौका है। फिल्म में उनके साथ पूजा हेगड़े और पावेल गुलाटी भी नजर आएंगे।

## शुरुआती कमजोरी के बाद शेयर बाजार में रिकवरी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी में उछाल



नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार आज शुरुआती कारोबार के दौरान निचले स्तर से रिकवरी करता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत सपाट स्तर पर हुई थी। शुरुआती कारोबार में ही बिकवाली का दबाव बनने की वजह से शेयर बाजार के दोनों सूचकांक लाल निशान में गिर गए, लेकिन सुबह 10 बजे के थोड़ी देर पहले खरीदारी शुरू हो जाने के कारण शेयर बाजार ने निचले स्तर से रिकवरी करके हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.20 प्रतिशत और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी एंटरप्राइजेज , एचडीएफसी बैंक, अडाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक और वोडाफोन आइडिया के शेयर 4.42 प्रतिशत से लेकर 1.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर आयशर मोटर्स, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, महिंद्र एंड महिंद्रा और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 1.55 प्रतिशत से लेकर 0.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,350 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,902 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 448 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर, 12 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 47.56 अंक की मामूली मजबूती के साथ 80,281.64 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के साथ ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से ये सूचकांक गिर कर 80,144.85 अंक तक पहुंच गया। हालांकि सुबह 10 बजे के थोड़ी देर पहले खरीदारों ने जोर लगाया, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10=15 बजे सेंसेक्स 162.05 अंक की मजबूती के साथ 80,396.13 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने 0.75 अंक की सांकेतिक गिरावट के साथ 24,274.15 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक गिर कर 24,254.35 अंक तक आ गया, लेकिन इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण इसने रिकवरी करके हरे निशान में अपनी जगह बना ली। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10=15 बजे निफ्टी 46.55 अंक की बढ़त के साथ 24,321.45 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 23-0.02 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ 80,234.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 80.40 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,274.90 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

## 'कजरा मोहब्बत वाला' पर थिरकीं शहनाज गिल



मुंबई । सोशल मीडिया पर हरदम एक्टिव रहने वाली अभिनेत्री शहनाज गिल ने क्लासिक 'कजरा मोहब्बत वाला' के नए वर्जन पर डांस करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। शहनाज ने इंस्टाग्राम पर एक डांस वीडियो शेयर की है। इस वीडियो में उन्हें। अपनी टीम के साथ सुपरहिट सदाबहार गाने 'कजरा मोहब्बत वाला' पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। इसमें उन्हेंट सलवार कमीज में देखा जा सकता है। 'कजरा मोहब्बत वाला' 1969 की फिल्म 'किस्मत' का मशहूर गाना है और इसे आशा भोसले और शमशाद बेगम ने गाया था। फिल्म में बबीता, शेट्टी, जगदीश राज, बिस्वजीत, हेलेन, उल्हास, मुराद, कमल मेहरा, हीरालाल और इंद्र कुमार हैं। हाल ही में शहनाज ने अपनी फिल्म के सेट पर रैपर बादशाह के लेटेस्ट ट्रैक मोरनी पर डांस किया था और कहा था कि वह अपने पसंदीदा कामों के लिए समय निकाल ही लेती हैं। रैपर की मोरनी में अनिल कपूर और श्रीदेवी अभिनीत बॉलीवुड फिल्म 'लम्हे' के 1991 के राजस्थानी लोक-प्रेरित गीत 'मोरनी बागा मा बोले' की कुछ पंक्तियां हैं। इसे शिव-हरि ने संगीतबद्ध किया था, जिसके बोल आनंद बख्शी ने लिखे थे। इसे लता मंगेशकर और इला अरुण ने गाया था। शहनाज ने हाल ही में अपनी पंजाबी फिल्म की शूटिंग शुरू की है, जिसका निर्देशन 'हौसला रख', 'सौंकण सौंकने', 'काला शाह काला' और 'झल्ले' फिल्मेंन देने वाले अमरजीत सरोन ने किया है। 22 नवंबर को उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के क्लैपबोर्ड थामे एक तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, आज एक नए सफर का आगाज कर रही हूं और गर्व के साथ ऐलान करती हूं कि अपनी ड्रीम टीम के साथ पंजाबी फिल्म की शूटिंग शुरू कर रही हूं।

## रवीना टंडन बेटी राशा संग पहुंची मल्लिकार्जुन मंदिर, लिया महादेव का आशीर्वाद



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा टंडन आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम स्थित मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग पहुंची। भगवान के दर्शन किए और अपना उत्साह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जाहिर कर दिया। अभिनेत्री रवीना टंडन ने अपनी इस यात्रा की कई तस्वीनरें सोशल मीडिया पर शेयर की। उन्होंने कहा कि यह उनका 11वां ज्योतिर्लिंग और राशा का 10वां ज्योतिर्लिंग है। तस्वीरों में मां-बेटी की जोड़ी पुलिस अधिकारियों के साथ पोज देती नजर आई। सोशल मीडिया पर इस यात्रा के फोटो के अलावा वीडियो भी शेयर किए गए है। पोस्ट के साथ एक नोट शेयर करते हुए रवीना ने लिखा, हर हर महादेव,यह मेरा 11वां ज्योतिर्लिंग है, और राशा का 10वां। हमने अपनी यह यात्रा मेरे पिता के जन्मदिन और महाशिवरात्रि 17 फरवरी 2023 से शुरू की थी। उस दिन मैंने काशी विश्वनाथ में पवित्र गंगा में अपने पापा की अस्थियों को विसर्जित करके उन्हें विदाई दी और अब अपने 12 ज्योतिर्लिंगों का चक्कर पूरा कर रही हूं। महादेव चाहेंगे तो फरवरी में फिर से महाशिवरात्रि पर काशी में रहूंगी। इसी के साथ ही उन्हों ने अपने पिताजी को याद करते हुए कहा कि वो बहुत याद आते हैं। रवीना ने बेटी राशा को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह उनका सहारा है। उन्होंरने लिखा, तुम मेरी एक खूबसूरत साथी हो, मुझ पर विश्वास रखती हो और जब भी मैं थक जाती थी, मुझे प्रोत्साहित करती हो, तुम भाग्यशाली हो कि इतनी कम उम्र में तुम्हें महादेव का आशीर्वाद मिला। हर हर महादेव। हर कदम पर द्वार खोलने और रास्ता आसान बनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। बता दें कि श्री भ्रामराम्बिका समीथा मल्लिकार्जुन स्वामी देवस्थानम या श्रीशैलम मंदिर भगवान शिव और पार्वती को समर्पित है। यह शैव और शक्तिवाद दोनों हिंदू संप्रदायों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस मंदिर को शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक और हिंदू देवी के अठारह शक्तिपीठों में से एक के रूप में जाना जाता है। राशा ने भी इस यात्रा से जुड़ी पोस्टा सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर की। राशा जल्दू ही अपकमिंग फिल्मु 'आजाद' से अपने करियर की शुरुआत करने जा रही है। फिल्म में अजय देवगन, डायना पेंटी और अमन देवगन भी नजर आएंगे। इसका निर्देशन 'काई पो चे', 'केदारनाथ', 'रॉक ऑन' और 'चंडीगढ़ करे आशिकी' देने वाले अभिषेक कपूर ने किया है।

## पंत और हमारी विचारधारा में अंतर था, पैसे से इसका कोई लेना देना नहीं - जिंदल



नयी दिल्ली । दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने खुलासा किया कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मेगा नीलामी से पहले ऋषभ पंत को बनाए रखने के लिए फ्रेंचाइजी ने हर संभव कोशिश की लेकिन इस दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज के साथ टीम संचालन को लेकर प्रबंधन के विचार एक जैसे नहीं थे। कैपिटल्स ने पंत को टीम में बरकरार नहीं रखा और बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को हाल ही में मेगा नीलामी में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा। वह आईपीएल इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। जिंदल ने 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा, ''फ्रेंचाइजी के संचालन पर हमारी सोच अलग-अलग थी। यही कारण है कि यह (पंत का टीम से अलग होना) हुआ। इसका पैसे से इसका कोई लेना-देना नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''ऋषभ के लिए पैसा कभी कोई मुद्दा नहीं रहा। हमारे लिए भी पैसा कभी कोई मुद्दा नहीं था। मुझे लगता है कि हम तीनों (किरण ग्रांधी, जिंदल और पंत) की सोच एक जैसी नहीं थी।''जिंदल ने कहा, ''उन्होंने (पंत) अंत में एक फैसला किया। हमने सब कुछ करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने आगे बढ़ने का मन बना लिया था।''जिंदल ने मतभेद के मुद्दों पर पूछे जाने पर कहा, ''यह फ्रेंचाइजी के संचालन से जुड़ा हुआ है। हमें उनसे कुछ उम्मीदें थी और उन्हें हम से कुछ उम्मीदें थी।
मैं बस इतना कह सकता हूं कि हम कुछ चीजों पर एकमत नहीं हो पाए।''जिंदल ने कहा कि टीम प्रबंधन को एहसास हो गया था कि नीलामी से पंत को वापस खरीदना असंभव जैसा काम था। उन्होंने कहा, ''जिस क्षण हमने उसे रिटेन नहीं किया, मुझे पता था कि अब उसे वापस लाना मुश्किल भरा फैसला होगा। हमने उसके लिए 20.25 (करोड़) रुपये में 'राइट-टू-मैच' का इस्तेमाल किया, लेकिन फिर बजट बहुत अधिक हो गया। हम 22-23 (करोड़) रुपये तक बढ़ाने के लिए तैयार थे।''

## हुआई ने लांच किए नई मेट 70 सीरीज़ के स्मार्टफोन

नई दिल्ली । स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी हुआई ने अपनी नई मेट 70 सीरीज़ के स्मार्टफोन लॉन्च किए हैं। यह हुआई का पहला ऐसा ऑपरेटिंग सिस्टम है, जिसमें ओपन-सोर्स एंड्रॉयड कोड का उपयोग नहीं किया गया है। हारमनीओएस नेक्स्ट को एंड्रॉयड और आईओएस के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है और यह हुआई के इकोसिस्टम को और मजबूत बनाने का वादा करता है। मेट 70 सीरीज़ में तीन वेरिएंट्स—मेट 70, मेट 70 प्रो और मेट 70 प्रो+ शामिल हैं। मेट 70 की कीमत 5,499 चीनी युआन (लगभग 759 अमेरिकी डॉलर) से शुरू होती है, जबकि मेट 70 प्रो+ की शुरुआती कीमत 8,499 चीनी युआन (लगभग 1,170 अमेरिकी डॉलर) है। इन स्मार्टफोन्स में उन्नत प्रोसेसर, बेहतर कैमरा फीचर्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित फोटो एडिटिंग टूल्स शामिल हैं। हुआई ने इन स्मार्टफोन्स के जरिए द्ध क्षमताओं को ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रस्तुत किया है। हुआई ने मेट एक्स6 नामक एक फोल्डेबल स्मार्टफोन भी पेश किया, जिसकी कीमत 12,999 चीनी युआन (लगभग 1,700 अमेरिकी डॉलर) है। इस डिवाइस में फोल्डिंग तकनीक और बेहतर स्क्रीन फीचर्स हैं। हारमनीओएस नेक्सट में ऐप्स के इंटीग्रेशन पर खास ध्यान दिया गया है, ताकि इसका उपयोगकर्ता अनुभव बेहतर बनाया जा सके।
2019 में अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बाद हुआई को गूगल के एंड्रॉयड से बाहर कर दिया गया था, जिसके चलते कंपनी ने अपना ऑपरेटिंग सिस्टम विकसित किया। हारमनीओएस नेक्स्ट अब हुआई के तकनीकी विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कंपनी ने इस इकोसिस्टम के तहत ऐप डेवलपर्स को जोड़ने के लिए कई कदम उठाए हैं। लांकि मेट 70 सीरीज़ और हारमनीओएस नेक्स्ट मुख्य रूप से चीनी बाजार पर केंद्रित हैं, हुआई ने पुराने डिवाइसों के लिए भी सॉफ्टवेयर अपग्रेड जारी करने का संकेत दिया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## कालेज के छात्र छात्राओं को मिले स्मार्ट फोन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर। गुरुवार को गांव शेखूपुर स्थित एफएम डिग्री कॉलेज में छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज सचिव जियाउर्रहमान खान, रिटायर एक्सियन गयूर अहमद, प्रबंधक फतेह खान, थाना प्रभारी संदीप कुमार, प्राचार्य डा आशा बाडिया ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव जियाउर्रहमान खान ने कहा है कि सरकार द्वारा युवा छात्र छात्राओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तहत कॉलेज के 11 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। कॉलेज की सूची के आधार पर छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन बांटे गए है। स्मार्ट फोन छात्र-छात्राएं के शिक्षण कार्य में काफी मददगार साबित होंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी संदीप सिंह ने छात्र-छात्राओं को कहा कि शिक्षा ही अमूल धन है। इसलिए छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। सरकार द्वारा छात्र छात्राओं को स्मार्ट बनाने के लिए फोन का वितरण किया गया है। छात्र छात्रा स्मार्ट फोन का प्रयोग शिक्षण कार्य में प्रयोग करे। यह स्मार्ट फोन छात्राओं की पढ़ाई में काफी मददगार साबित होंगे। इस मौके पर डॉ मोहम्मद अनीश, नरेंद्र राघव, मोनू शर्मा, मनोज यादव, डा भूरा सिंह, विजय सिंह, इमरान खान (लेफ्टिनेंट), अतुल कुमार, काजल, नीरज, रश्मि, रूबी, सचिन प्रताप, ज्योति आदि मौजूद रहे।

## लेखपालों की हड़ताल से कामकाज प्रभावित जनता परेशान



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर तहसील में गुरुवार को आठवें दिन भी लेखपालों का धरना जारी रहा मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने को लेकर जनपद भर की सातों तहसीलों के लेखपाल भी धरने पर बैठे हैं लेखपालों की हड़ताल से तहसील में कामकाज हो रहा है प्रभावित।

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। मिशन शक्ति के तहत गुरुवार को शेखूपुर स्थित एसवाईएम इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को उनके अधिकारों और सरकार की ओर से महिला सुरक्षा को लेकर दी गई सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी गई। छतारी के शेखूपुर स्थित एसवाईएम इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी परेशान करे तो बेहिचक वह हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना दे सकती हैं। उनका नाम व पहचान गुप्त रखा जाएगा। उसी दौरान थाना प्रभारी ने महिला सुरक्षा के लिए बने कानून और सुविधाओं की जानकारी छात्राओं को दी। मिशन शक्ति तथा हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112, 1098, 1076 की जानकारी देते हुए उन्हें उनके अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया। कहा कि वह किसी से डरें नहीं, कोई भी परेशान करता है तत्काल हेल्पलाइन नंबरों की मदद लें। इस मौके पर प्रधानाध्यापक डा मोहम्मद अनीश खां, एनसीसी लेफ्टिनेंट मोहम्मद इमराना, ग्रीस चंद गुप्ता, मनोज यादव, नरेंद्र राघव आदि मौजूद रहे।

## नवागत कोतवाली प्रभारी प्रखर पाण्डेय, ने सम्भाला चार्ज - बोले क्राइम पर कंट्रोल और पीड़ितों को न्याय दिलाना प्राथमिकता में रहेगा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर । कोतवाली में नवागत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कोतवाली का चार्ज सम्भाल लिया है खुर्जा नगर से शिकारपुर थाना प्रभारी निरीक्षक का चार्ज सम्भाल लिया है नवागत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पाण्डेय, की जनपद में पहली पोस्टिंग है शिकारपुर कोतवाली का चार्ज सम्भालते ही उन्होंने अपना काम शुरू कर दिया है वह इससे पहले अन्य जनपद में प्रभारी निरीक्षक कि अपनी सेवाएं दे चुके है अन्य जनपद से उनका ट्रांसफर बुलन्दशहर के लिए हो गया था शिकारपुर कोतवाली के नवागत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बनायें गये है जिसके बाद वह शिकारपुर कोतवाली पहुंचे और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिकारपुर का कार्यभार ग्रहण किया प्रखर पाण्डेय, तेज तर्रार और पुलिस के पदीय कर्तव्यों को पूरा करने में सक्षम बताए जाते है उन्होंने कार्यभार सम्भालते ही रजिस्टरों को खंगालना शुरू कर दिया है साथ ही पुलिस कर्मियों के साथ कर्तव्यों के निर्वाहन को लेकर मीटिंग भी कर ली है उन्होंने चार्ज लेने के बाद पहली मीटिंग पुलिस कर्मियों के साथ की है उनका कहना है कि उनका सीधा कार्य क्राइम पर कंट्रोल और पीड़ितों को न्याय दिलाना है वह अपना दायित्व पूरी ईमानदारी से निभाएंगे घटनाओं के खुलासों के लिए तत्पर रहेंगे क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल आपसी सौहार्द और गंगा जमुना तहजीब कायम करना प्राथमिकता में रहेगा ।

# नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी के कारण नगर में बढ़ रहा अतिक्रमण

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



शिकारपुर । नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी के कारण खुर्जा अड्डा के बराबर में अम्बेडकर पार्क के निकट अतिक्रमण बढ़ रहा है मुख्य बाजार, चौक-चौराहे आदि जगहों पर दुकानदारों ने दुकानों के सामने सड़क पर कई-कई फुट अतिक्रमण किया हुआ है इसके चलते नगर के मुख्य बाजार से पैदल निकलना भी दूभर हो गया है नगर के व्यापारियों की हठधर्मिता व नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते नगर के बाजारों में अतिक्रमण से पूरी तरह से अपने पैर पसार लिए है दुकानदारों ने अपने पटरों के सामने लकड़ी की बैंच लगाकर दुकान का सामान बाहर तक निकाल लिया है इसके अलावा लोग दुकानों के सामने वाहन खड़े कर देते है तथा कुछ दुकानदारों ने तो सरकारी नाली को ही बंद कर दिया है नगर का मुख्य बाजार वैसे ही बहुत तंग है वहीं नगर के खुर्जा अड्डे के पास अम्बेडकर पार्क के निकट अतिक्रमण हटाने में प्रशासन पूरी तरह से बेबस नजर आता है अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन पर दबाव पड़ता है तो कुछ समय के लिए अभियान चलाकर थोड़ा-बहुत अतिक्रमण हटा देते है लेकिन टीम के जाते ही फिर अतिक्रमण हो जाता है नगर के सभी चौक चौराहों तथा बाजारों में अतिक्रमणकारियों का पूरा कब्जा है पुलिस प्रशासन दुकानदारों को चेतावनी देते रहते हैं वहीं नगर पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण को हटाने के लिए कई बार व्यापारियों से अपील की लेकिन इसका असर नहीं दिखता है इस मामले में नगर का व्यापार मण्डल भी चुप्पी साधे हुए है इन्होंने कहा अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह, का कहना है कि पूर्व में भी कई बार पालिका की टीम व्यापारियों से अतिक्रमण हटाने की अपील कर चुकी है जल्द ही पुलिस प्रशासन का सहयोग लेकर नगर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा ।

# पुलिस ने 6 शातिर लूटपाट चोरी ठगी करने सदस्यों को किया गिरफ्तार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलंदशहर । बुलंदशहर थाना डिबाई पुलिस व स्वाट टीम देहात द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर सवारियों को गाडी में बैठाकर उनके साथ लूटपाट/चोरी/ठगी की घटना कारित करने वाले गिरोह के 06 शातिर सदस्यों (05 पुरुष व 01 महिला) को हीरापुर जाने वाले रास्ते पर पौधशाला के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो के कब्जे से लूट/चोरी/ठगी किये गयी नकदी, आभूषण, घटना में प्रयुक्त 02 गाडी व अवैध असलहा कारतूस बरामद किये गये। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम जिसमें सुरेन्द्र पुत्र सत्यवीर निवासी जमालपुर राबिया मस्जिद थाना क्वार्सी अलीगढ अस्थाई पता तम्बू मिर्जापुर सिया बाईपास थाना क्वार्सी अलीगढ व रामा डेयरी के पास थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर सौदान सिह पुत्र महावीर निवासी जमालपुर थाना क्वार्सी अलीगढ व अस्थाई पता मंदी नगला आगरा रोड थाना मडराक जनपद अलीगढ। मोहित पुत्र चन्द्रपाल उर्फ ब्रजपाल निवासी रेलवे स्टेशन के सामने झुग्गी थाना बहजोई संभल व अस्थाई पता जोगीपुरा थाना खरखौदा जनपद मेरठ सनी पुत्र विनोद निवासी गेसूपुर थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर नीरज पुत्र पप्पू निवासी बडा बझेडा थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर सोनिया पुत्री चन्द्रपाल उर्फ ब्रजपाल निवासी रेलवे स्टेशन के सामने झुग्गी थाना बहजोई संभल व अस्थाई पता जोगीपुरा थाना खरखौदा जनपद मेरठ उल्लेखनीय हैं कि अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं जो अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रोड पर सवारी का इंतजार कर रहे राहगीरों को अपनी गाडी में बैठाते है फिर मौका देखकर उनका सामान चोरी कर लेते है या उनके साथ लूटपाट कर उन्हें सुनसान जगहों पर छोडकर भाग जाते हैं। अभियुक्तों द्वारा इस तरह की घटनाएं ज्यादातर महिलाओं के साथ की जाती हैं। बरामद गाडियों के बारे में अभियुक्तों ने बताया कि इन गाडियों का प्रयोग उनके द्वारा घटना कारित करने में किया जाता हैं।अभियुक्तों द्वारा दिनांक 20-11-2024 को थाना डिबाई क्षेत्रान्तर्गत भीमपुर दोराहे से कुछ सवारियों को गाडी में बैठाकर उनका सामान, आभूषण, रुपये आदि चोरी कर उन्हें रास्ते में उतारकर फरार हो गये थे। इस सम्बन्ध में थाना डिबाई पर मुकदमा दर्ज है।गिरफ्तार करने वाली थाना डिबाई पुलिस टीम में धर्मेन्द्र सिंह राठौर प्रभारी निरीक्षक थाना डिबाई उ0नि0 देवेन्द्र कुमार शुक्ला म0उ0नि0 सविता शाक्य, उ0नि0 हरेन्द्र सिंह का0 अवनीश कुमार, का0 नगेन्द्र हुड्डा, का0 प्रिन्स शर्मा, का0 सूरज कुमार, का0 सचिन कुमार, का0 योगेन्द्र बघेल स्वाट टीम देहात-लोकेश अग्निहोत्री प्रभारी स्वाट टीम देहात है0का0 नितिन कुमार शर्मा, है0का0 मनीष कुमार, है0क0 कुलदीप सिंह, का0 आकाश कुमार, का0 विपिन कसाना, का0 अजय सोलंकी शामिल रहे।

# बिजली विभाग जबरन पीड़ित के दरवाजे के सामने ट्रांसफार्मर लगाने पर आमदा

▶▶ ▶▶ पीड़ित न्याय पाने के लिए अधिकारियों के दरवाजे के लगा रहा है चक्कर

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। बुलंदशहर पहासू कस्बा खंडार रोड निवासी राजेश कुमार ने अपने पड़ोसियों और बिजली विभाग के कर्मचारियों पर लगाया दबंगई कर उसके दरवाजे पर ट्रांसफार्मर जबरन लगाने का आरोप पीड़ित ने बताया है कि उसके पड़ोसी ट्रांसफार्मर न लगने से नाराज होकर उसके साथ मारपीट करते हैं और आए दिन गाली गलौज जिसकी शिकायत उसने संबंधित विभाग के अधिकारी वह स्थानीय पुलिस से भी कि थी लेकिन उल्टा पुलिस ने मेरे खिलाफ ही कार्यवाही कर दी मैंने इस संबंध में जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को भी प्रार्थना दे चुका हूं लेकिन दबंगों के खिलाफ कोई कार्यवाही न होने से पीड़ित परेशान पीड़ित राजेश ने बताया है कि जिले के तमाम अधिकारियों को शिकायत देने के बाद अब ऑनलाइन शिकायत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी की है।

पीड़ित का कहना है कि मेरे छोटे-छोटे बच्चे हैं और ट्रांसफार्मर दरवाजे पर लगने से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है उसका जिम्मेदार कौन होगा इसलिए मेरे घर के बराबर में और भी जगह है उस पर ट्रांसफार्मर लगाया जाए। पीड़ित अधिकारियों के दरवाजे पर न्याय पाने को लगा रहा है चक्कर।

# बुलंदशहर स्काउट और गाइड की बी एस जी ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा हुई सम्पन्न

उजाला हितैषी एक्सप्रेस





बुलंदशहर । राजकीय इंटर कॉलेज बुलंदशहर में प्रादेशिक मुख्यालय के निर्देशों के अनुपालन में बी एस जी ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन श्री कुलदीप मीना जिला मुख्यायुक्त एवं मुख्य विकास बुलंदशहर के निर्देशन में संपन्न हुई। जिसमें जिला विकास अधिकारी, डा. नरेश कुमार शर्मा जिला सचिव, डॉ अनीता भारद्वाज जिला कमिश्नर (गाइड), मनोज कुमार जिला कमिश्नर (स्काउट) श्री विनोद कुमार प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज बुलंदशहर, पवन कुमार राठी जिला संगठन आयुक्त स्काउट ,सह सचिव रमेश चंद्र पांडेय, आयुक्त डॉ दीपमाला शर्मा श्री अनिल कुमार,के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में कब-08,बुलबुल-09,स्काउट-77,गाइड-118,रोवर-12,रेंजर- 41 कुल 267 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने मे श्री सतीश कुमार ब्लॉक स्काउट मास्टर, प्रमिला शर्मा जिला गाइड कैप्टन, शिप्रा जैन, राजकुमारी राठी, शबनम, स्काउट मास्टर प्रेमपाल सिंह, सुभाष कुमार, दुष्यंत शर्मा,सोनिया गोस्वामी,बिंदु चौधरी,राम मोहन सिंह, राधिका शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा ।

## वायु प्रदूषण को लेकर एसडीएम हुए सख्त खनन पर लगाई रोक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



शिकारपुर। वायु प्रदूषण को देखते हुए शिकारपुर एसडीएम दीपक कुमार पाल, ने पहासू के गांव अनौना में मिट्टी खनन करते हुए एक जेसीबी सहित पांच ट्रैक्टरों को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द किया है एसडीएम ने मामले में रिपोर्ट डीएम सहित अन्य अधिकारियों को भेज दी है उन्होंने कहा वायु प्रदूषण को देखते हुए मिट्टी परमिशन पर भी रोक लगाई गई है शिकारपुर तहसील के गांव अनौना में बुधवार को जेसीबी और ट्रैक्टरों से मिट्टी के खनन की सूचना मिलते ही शिकारपुर एसडीएम दीपक कुमार पाल, मौके पर पहुंच गए जीआरएपी व्यवस्था लागू होने बाबजूद एक जेसीबी सहित पांच ट्रैक्टरों को मिट्टी का खनन करते हुए पकड़ लिया एसडीएम ने मामले की जानकारी देते हुए पहासू पुलिस को बुलाकर एक जेसीबी सहित पांचों ट्रैक्टरों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है एसडीएम, ने बताया मिट्टी खनन की रिपोर्ट डीएम सहित प्रदूषण विभाग के अधिकारियों को भेज दी गई है तहसील क्षेत्र में जीआरएपी व्यवस्था को देखते हुए अग्रिम आदेश तक मिट्टी के खनन की परमिशन पर पूर्णत रोक लगाई गई है तहसील क्षेत्र में जीआरएपी व्यवस्था का पालन नहीं किए जाने पर कार्रवाई की जाएगी ।

## केंद्रीय निगरानी समिति सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य भगवत प्रसाद मकवाना ने की समीक्षा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। खुर्जा, भारत सरकार के केंद्रीय निगरानी समिति सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य भगवत प्रसाद मकवाना खुर्जा की नई तहसील सभागार में एमएस एक्ट 2013 के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करने पहुंचे। कार्यों में खामियां मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। साथ ही व्यवस्थाओं को सुधारने के एसडीएम को निर्देश दिए। भारत सरकार के केंद्रीय निगरानी समिति सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य भगवत प्रसाद मकवाना ने समीक्षा के दौरान बताया कि एमएस एक्ट के तहत हाथ से मैला उठाने वाले लोगों को रोकते हुए मशीन से कार्य कराना है। इसमें खुले नालों, रेलवे ट्रैक आदि स्थान पर मशीनों से सफाई कराना है। जिसके संबंध में खुर्जा नगरपालिका की ओर से लगातार हाथ से सफाई नहीं कराते हुए मशीनों से सफाई कराने की रिपोर्ट भेजी जा रही है, लेकिन वास्तविकता में हाथ से सफाई हो रही है। इसको लेकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। कहा कि नगरपालिका की ओर से लगातार फर्जी रिपोर्ट भेजी गई है। वहीं उन्होंने सफाईकर्मियों के वेतन के बारे में जानकारी हासिल की। जिसमें नगरपालिका के सफाई निरीक्षक रोबिन ने बताया कि सफाई कर्मियों को 366 रुपए के अनुसार वेतन दिया जा रहा है। इस पर मंत्रालय के सदस्य भगवत प्रसाद मकवाना ने शासन द्वारा निर्धारित 412 रुपए के अनुसार वेतन देने दिलाने के निर्देश दिए। वहीं सफाईकर्मियों ने बताया कि लगभग 38 सेवानिवृत सफाईकर्मियों का 3.5 करोड़ रुपए बकाया है। जिसका भुगतान 5 से लेकर 10 प्रतिशत दिया जाता है। इस पर उन्होंने एसडीएम को व्यवस्था दुरुस्त कराते हुए जल्दी पूर्ण भुगतान कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने टैक्स वसूली कम होने पर नगरपालिका अध्यक्ष और अधिकारियों की लापरवाही बताई। वहीं उन्होंने सफाईकर्मियों को पूर्ण भुगतान नहीं मिलने, अस्पतालों में सफाईकर्मियों के तैनात करने, सफाई एजेंसियों द्वारा सफाईकर्मियों का 30 लाख तक का बीमा कराने आदि के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम खुर्जा दुर्गेश सिंह, सीएमओ डॉ विनय कुमार, डूडा के परियोजना अधिकारी रजनी सिंह, कोतवाली खुर्जा नगर प्रभारी राजपाल सिंह तोमर, नगरपालिका के जेई निर्माण भीषम सिंह, नगर पालिका के कार्यवाहक लेखाकार सुनील कुमार, निगरानी समिति सदस्य संध्या बाल्मीकि, सोनी वाल्मीकि आदि मौजूद रहे। रजत हत्याकांड का जल्दी खुलासे करने के दिए निर्देश महर्षि वाल्मीकि आश्रम में रजत की सिर पर ईंटों से प्रहार कर हत्या के मामले में भारत सरकार के केंद्रीय निगरानी समिति सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य भगवत प्रसाद मकवाना ने समीक्षा बैठक के दौरान कोतवाली खुर्जा नगर प्रभारी से जल्दी खुलासे की बात कही। कहा कि हत्यारोपी बचना नहीं चाहिए।

## उर्दू विभाग द्वारा ख़ुसरो की पहेली से ग़ालिब की सहेली तक उर्दू अदब का जायज़ा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सिकंदराबाद । उर्दू विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को जेएस कॉलेज में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय ख़ुशरो की पहेली से ग़ालिब की सहेली तक- उर्दू अदब का जायज़ा था। इस संगोष्ठी में उर्दू साहित्य के विभिन्न पहलुओं, उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और समकालीन संदर्भों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या प्रो स्वप्ना उप्रेती में माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके की। संगोष्ठी के दौरान भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो ग़ज़नफ़र उल्लाह ने उर्दू साहित्य की समृद्ध परंपरा और उसके सामाजिक-सांस्कृतिक योगदान पर प्रकाश डाला।उन्होंने अपने व्याख्यान में अमीर ख़ुशरो की पहेलियों और मिर्ज़ा ग़ालिब की शायरी के माध्यम से उर्दू साहित्य के विकासक्रम को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि किस तरह उर्दू भाषा ने विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों से प्रभावित होकर एक अनूठा साहित्यिक स्वरूप ग्रहण किया है। संगोष्ठी के दौरान पुनीत यादव, आशीष प्रताप सिंह, निर्दोष भाटी सहित अन्य विद्वानों और शोधार्थियों ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने उर्दू साहित्य के विभिन्न आयामों, जैसे- सूफी साहित्य, ग़ज़ल, नज़्म और आधुनिक उर्दू साहित्य पर चर्चा की।कार्यक्रम समन्वयक मुनीब ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। इस संगोष्ठी ने उर्दू भाषा और साहित्य के प्रति विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। इस मौके पर प्रो विनोद कुमार यादव, पुनीत यादव, अंकित कुमार वर्मा, आशीष प्रताप सिंह, डॉ प्रदीप गोयल, मयंक सक्सेना, डॉ प्रीति सक्सेना, अलका चौधरी, निधि सारस्वत, डॉ श्वेता शर्मा, निधि सारस्वत, अंजलि सिंह, फरजान रोशन परवीन सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## स्याना के अंबेडकर पार्क पर मनाई गयी महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । स्याना नगर के अंबेडकर पार्क पर महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। महात्मा ज्योतिबा फुले पुस्तकालय पर पुस्तकालय के छात्र व डॉक्टर बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉक्टर जितेंद्र के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके उन्हें श्रदांसुमन अर्पित किये। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए डा0 जीतेन्द्र भास्कर ने कहा कि कि सभी महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों को जीवन में अपनाएं तथा उनके बताए मार्ग पर चलें। उन्होंने कहा कि समाज का इतिहास गौरवपूर्ण है युवा अपने बच्चों को शिक्षित करें तथा उच्च शिक्षा दें। शिक्षा से ही समाज की तरक्की संभव है। रज्जन कुमार ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने गरीबों, मजलूमो व दबे कुचले लोगों के उत्थान के लिए कार्य किया। उन्होंने समाज से एकजुट होने का आह्वान किया। दीपचंद सागर ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज आगे बढ़ेगा इसलिए सभी अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें। नेहा ने कहा कि ज्योतिबा फुले एक समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक और क्रांतिकारी कार्यकर्ता हैं। ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने, बाल विवाह को रोकने, विधवा विवाह का समर्थन करने में लगा दिया। आशीष कुमार ने कहा कि आज महिलाएं स्कूल-कॉलेज में स्वतंत्र रूप से पढ़ सकती हैं। किसी संगठन में पुरुषों के समान ही काम करने के साथ ही समाज के उत्थान में अपना योगदान दे सकती हैं। अपने सपनों को साकार कर सकती हैं, तो इस सब का श्रेय भारत की कुछ महान विभूतियों को जाता है। इन्हीं विभूतियों में से से एक नाम महात्मा ज्योतिराव फुले का है। इस मौके पर डाक्टर जितेंद्र भास्कर रज्जन कुमार दीपचंद सागर, अरविंद , पिंटू विमल,डाक्टर नितिन, संजय कुमार अभिजीत, अजय कुमार, अमन जाटव कुमार , रोहित, लोकेश, नेहा, शनी, शोरभ, सचिन, हरेंद्र, आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीतेन्द्र भास्कर ने की तथा संचालन आशीष कुमार ने किया।

## निजी स्कूल की शिक्षक पर छात्र को पीटने का आरोप छात्र को अस्पताल में कराया भर्ती

बुलंदशहर। निजी स्कूल की महिला शिक्षक पर छात्र के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्र के पिता ने मामले में पुलिस को शिकायत दे दी है। पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। छतारी थाना के गांव नारऊ निवासी कुलदीप शर्मा का दस वर्षीय पुत्र आयुष क्षेत्र के निजी स्कूल में पढ़ता है। बीते दिनों उसका बेटा शादी में शामिल होने के लिए हाथरस गया था। आरोप है पीड़ित जब स्कूल लौटा तो स्कूल में तैनात दो महिला शिक्षक ने छात्र के साथ मारपीट कर दी। मारपीट से छात्र के शरीर पर चोट के निशान आए हैं। जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दे दी। थाना प्रभारी संदीप सिंह ने बताया पीड़ित की शिकायत के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के उपरांत मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# राशन कार्ड की ई-केवाईसी नहीं करवाई तो नहीं मिलेगा राशन- प्रीति सिरोही आपूर्ति अधिकारी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। पिलखुवा धौलाना तहसील आपूर्ति कार्यालय से जुड़े सभी राशनकार्ड धारकों को अपनी प्रत्येक यूनिट की ई-केवाईसी जल्द से जल्द करना अनिवार्य है जिसको लेकर धौलाना तहसील से जुड़े सभी कोटेदारों द्वारा कैंप के माध्यम से राशन कार्ड धारको ई- केवाईसी का कार्य तेजी से किया जा रहा है।जिसकी अंतिम तिथि नजदीक आ चुकी है अगर आप ने ई-केवाईसी नहीं कराई तो राशन कार्ड से नाम हटने पर राशन भी नहीं मिल पाएगा।अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी वाले राशन कार्डो में दर्ज मृतकों के नाम हटाने के साथ ही अपात्र कार्ड धारकों की छंटनी करने के लिए ई केवाइसी की प्रक्रिया शुरू की गई है।धौलाना आपूर्ति कार्यालय से जुड़े सभी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड के मुखिया समेत सदस्यों का आधार फीडिंग करके ई केवाईसी करने का कार्य किया जा रहा है।इससे मृत सदस्यों का नाम संबंधित राशन कार्डों में से आसानी से हट जाएगा।धौलाना आपूर्ति अधिकारी प्रीति सिरोही ने जानकारी देते हुए बताया धौलाना तहसील क्षेत्र से जुड़े कोई भी राशन कार्डधारक अपने राशन कार्ड की प्रत्येक यूनिट की ई केवाईसी अब उनके लिए और भी आसान कर दी गयी है जिसमें धौलाना तहसील से जुड़े राशन कोटेदारों द्वारा अपने-अपने यहाँ ई-पॉस मशीन के माध्यम से कैंप लगाकर ई केवाईसी कराई जा रही है।कोटेदारों द्वारा यह कार्य नि:शुल्क किया जा रहा है।

धौलाना तहसील के समस्त राशन कार्डधारक से अनुरोध है कि तत्काल अपने कार्ड की प्रत्येक यूनिट की ई केवाईसी 5 दिसंबर तक लगने वाले नजदीकी वितरण केंद्र पर लगे कैंप में पहुंचकर करा ले।अन्यथा की स्थिति में यह माना जायेंगा कि जिस यूनिट की ई केवाईसी नही होती है वह यूनिट वैध नही है।जिसकी 30 दिसंबर अंतिम तिथि है जो अब नजदीक आ चुकी है जिदके बाद उस यूनिट का व्यक्ति उस परिवार के साथ निवास नही करता माना जाएगा।तदानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेंगी।

# एम् .बी. ऐ एवं बी .टेक के प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं को विख्यात कंपनी अनमोल इंडस्ट्रीज,नोएडा में कराई इंडस्ट्रियल विजिट

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो




हापुड़।जे एम् एस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के उपरोक्त छात्र/छात्राओं ने दिनांक 26-11-2024 को अपने शिक्षण के व्यावहारिक अनुप्रयोगों को देखने के लिए अनमोल इंडस्ट्रीज, नोएडा की एक व्यावहारिक औद्योगिक यात्रा की। औद्योगिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य अकादमिक ज्ञान और वास्तविक दुनिया की उद्योग प्रथाओं के बीच अंतर को समझने के लिए छात्र/छात्राओं को एक वरदान के रूप में साबित हुई ।खाद्य प्रसंस्करण और पैकेजिंग क्षेत्र की अग्रणी निर्माता अनमोल इंडस्ट्रीज ने अपनी अत्याधुनिक सुविधाओं में छात्रों का भव्यता से स्वागत किया। छात्रों को उत्पादन लाइनों का एक निर्देशित दौरा कराया गया, जहां उन्हें बिस्कुट, कुकीज़ और स्नैक्स जैसे लोकप्रिय खाद्य पदार्थों के उत्पादन में शामिल प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। उद्योग विशेषज्ञों ने सूचनात्मक सत्र के साथ छात्र/छात्राओं को नयी नयी टिप्स देते हुए अनमोल इंडस्ट्रीज के संचालन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, गुणवत्ता नियंत्रण और टिकाऊ प्रथाओं का विस्तृत अवलोकन प्रदान कराया । सभी विद्यार्थी विशेष रूप से उत्पादन और पैकेजिंग प्रक्रियाओं में उपयोग की जाने वाली उन्नत मशीनरी से आकर्षित हुए एवं उन्होंने उन तकनीकी नवाचारों पर प्रकाश डाला जो गुणवत्ता और दक्षता बनाए रखने में मदद करते हैं। भोजनावकाश के बाद छात्रों को कंपनी में कार्यरत इंजीनियरों और पेशेवरों के साथ बातचीत करने का अवसर मिला। पेशेवरों ने अपने अनुभव, उद्योग में आने वाली चुनौतियों और सुरक्षा मानकों और गुणवत्ता आश्वासन के महत्व पर अंतर्दृष्टि साझा की।छात्रों को स्वचालन, इन्वेंट्री प्रबंधन और उत्पाद विकास के उपयोग सहित औद्योगिक उत्पादन के व्यावहारिक पहलुओं का निरीक्षण करने का भी मौका मिला। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ0 आयुष सिंघल जी ने बताया कि इंडस्ट्रियल विजिट के दौरान सभी छात्र /छात्राओं के साथ कंपनी के अधिकारियो के संवाद ने उन्हें टेक्निकल ज्ञान के साथ-साथ भविष्य में अच्छे प्रोफेशनल बनने के लिए जो टिप्स दिए है उसके लिए संस्थान का मैनेजमेंट अनमोल इंडस्ट्रीज का आभार प्रकट करता है तथा साथ ही प्रबंध निदेशक डॉ0 सिंघल जी ने संस्थान की प्लेसमेंट हेड साक्षी गुप्ता के अथक प्रयासों की भी सराहना की। संस्थान के डायरेक्टर जनरल प्रो0(डॉ0) सुभाष गौतम ने बताया की, व्यावसायिक शिक्षा में अनुभवात्मक शिक्षा एवं एक्सपोज़र का ज्ञान जो बड़े पैमाने पर विनिर्माण कैसे संचालित होता है, उसकी गहरी समझ छात्र /छात्राओं को प्रदान करता है। निस्संदेह इससे उनके शैक्षणिक ज्ञान को बढ़ावा मिलेगा और औद्योगिक प्रबंधन, इंजीनियरिंग और विनिर्माण में भविष्य के कैरियर पथों को प्रेरित भी करेगा। संस्थान के सचिव डॉ0 रोहन सिंघल जी ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारे छात्र /छात्राये नियमित रूप से कक्षाओं के साथ साथ औद्योगिक दौरो में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग कर रहे है जिसका परिणाम सभी छात्र/छात्राओं को भविष्य में अच्छे -अच्छे प्लेसमेंट पाने में मदद करेगा। इंडस्ट्रियल विजिट का सफलता पूर्वक भ्रमण करने एवं आयोजन करने में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड श्रीमती साक्षी गुप्ता व् इंजीनियरिंग विभाग की डीन शीबा खालिद का विशेष योगदान रहा।

# मिशन शक्ति फेज 5 अभियान में हेल्पलाइन नंबरों एवं कल्याणकारी योजनाओं से कराया रूबरू



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। शासन के निर्देश अनुसार उत्तर प्रदेश में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह नवंबर 2024 जो की 30 नवंबर तक चलाया जाएगा।

जिसके चलते गढ़ रोड पर स्थित एलएन पब्लिक स्कूल मैं कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रैफिक का स्तुति सिंह के द्वारा स्कूली छात्रों को यातायात सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करना कोहरे के टाइम में ब्लैक स्पॉटों का ध्यान रखना इत्यादि जानकारी उपलब्ध कराई गई। और इसी के साथ ही चलाए जा रहे। मिशन शक्ति फेस 5 अभियान के तहत भी हेल्पलाइन नंबरों एवं कल्याणकारी योजनाओं से स्कूली छात्र-छात्राओं को रूबरू कराया गया।

# गाजियाबाद में शुरू हुई बीजेपी महानगर अध्यक्ष की दौड़

## चर्चा में कुछ बड़े नामों में आया एक कार्यकर्ता का नाम

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव के चलते अध्यक्ष को लेकर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की भाग दौड़ शुरू हो गई है। भाजपा दिसम्बर में जिला एवं महानगर अध्यक्ष और जनवरी और फरवरी में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराने की तैयारी में है। इसको लेकर पार्टी ने संगठन के तौर पर चुनाव अधिकारी भी घोषित कर दिए हैं। गाजियाबाद महानगर में माना जा रहा है कि ब्राह्मण, वैश्य, दलित या फिर पिछड़े वर्ग से पार्टी का नया अध्यक्ष हो सकता है। मुख्य रूप से माना जा रहा है कि पांच से छह नाम सबसे अधिक अध्यक्ष पद की होड़ में बने हुए हैं। जबकि एक पक्ष का यह भी दावा है कि विधायक बने वर्तमान अध्यक्ष संजीव शर्मा के महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, राजेश त्यागी, उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी आदि नामों की कतार में मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी को मौका दिया जाए तो ये नाम मील का पत्थर साबित होगा। कहा यह जाता है कि प्रदीप चौधरी ने धरातल पर रहकर केवल और केवल संगठन के दायित्व निर्वहन के साथ संगठन हित में काम किया है उनका संगठन का कार्यकाल पिछले 30 वर्षों से अनवरत जारी है। प्रदीप चौधरी ने दो योजना वार्ड अध्यक्ष रहकर दायित्व के साथ अपने कार्य क्षमता को दिखाने का सफर शुरू किया उसके बाद अन्य पदों पर रहते हुए तीन योजना मंडल अध्यक्ष और चार योजना महानगर पदाधिकारी रहकर संगठन में अपने कार्य क्षमता का प्रदर्शन किया है।

आमतौर से पार्टी की परंपरा यही रही है कि पार्टी किसी का नाम तय कर देती है। इसी नाम को अध्यक्ष के तौर पर फाइनल कर दिया जाता है। इस बार भी ऐसी ही उम्मीद की जा रही है. जिसमें पार्टी किसी एक नाम को सर्वसम्मति से तय कर देगी और उसी को निर्वाचित मान लिया जाएगा। भाजपा एक प्रवाहमान संगठन है। पार्टी का सक्रिय सदस्यता अभियान चल रहा है। जिसके बाद निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पार्टी संविधान के हिसाब से पूरी प्रक्रिया सम्पन्न करवाई जाएगी। जाट जाति एवं पिछड़े वर्ग से आने वाले प्रदीप चौधरी पार्टी के महानगर मीडिया प्रभारी हैं। पिछड़े वर्ग से जुड़े होने के कारण प्रदीप चौधरी पश्चिम उत्तर प्रदेश को साध गाजियाबाद में पार्टी को पिछड़े वर्ग सहित सभी वर्गो में मजबूती से स्थापित करने का काम करेंगे। उसका सबसे बड़ा कारण उनके व्यापारी नेता होने से वैश्य समाज व अन्य व्यापारी वर्ग से भी जुड़ा होना माना जाता है। सरल स्वभाव के धनी प्रदीप चौधरी की काबिलियत संगठन के पैरामीटर पर इसलिए भी खरी उतरती है कि प्रदीप चौधरी ने लगातार 30 वर्षों से संगठन के विभिन्न पदों पर रहते हुए अपना सफर पूरा कर रहे हैं एक भी कार्यकाल संगठन के दायित्व के बिना उनसे चूका नहीं है यह उनकी कार्य कुशलता और पार्टी के प्रति समर्पण का जीवंत उदाहरण है।

# बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ निरंतर हो रही घटनाएं को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो




हापुड़। बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ निरंतर हो रही घटनाएं पूरे हिंदू समाज को आतंकित कर रहीं है पाकिस्तान में हिंदुओं की दुर्दशा के उपरांत बांग्लादेश भी अब पाकिस्तान की राह पर हिंदुओं के साथ आतंकी जिहादी व्यवहार अपना रहा है। सत्ता परिवर्तन के प्रयास बांग्लादेश को इस्लामी जिहाद की ओर निरंतर बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वर्तमान की कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश के हिंदुओं को निरंतर प्रताड़ित कर रही है। मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। हिंदू बहन बेटियों के साथ अत्याचार बलात्कार व अपहरण की घटनाएं निरंतर हो रही है। हिंदू समाज की आस्था के स्थलों को धार्मिक स्थलों को तोड़ा जा रहा है। संत समाज को जेल में डालने का कार्य बांग्लादेश की सरकार कर रही है। इस्कॉन के संत व हिंदू मंदिरों के पुजारी को प्रताड़ित करने का काम वह उन्हें जेल में डालने का निंदनीय कार्य बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के द्वारा निरंतर हो रहा है बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार की जिहादी मानसिकता को प्रदर्शित करता है।

बांगरादेश में निरंतर हिंदू घट रहा है आज केवल 8त्न हिंदू समाज बांग्लादेश में है जो अपने जीवन यापन के लिए बांग्लादेश में असुरक्षित ही नहीं अपनी बहन बेटियों के जीवन की रक्षा के लिए भारत की ओर देख रहा है। बर्तमान स्थिति में यदि बांग्लादेश ने हिंदुओं के साथ अत्याचार बंद नहीं किया तो जो बांग्लादेश कल तक मित्र देश था वह भी पाकिस्तान की तरह हिंदू विरोधी जिहादी मानसिकता के रूप में जाना जाएगा। ऐसी स्थिति में भारत सरकार अंतरराष्ट्रीय पटल पर गंभीरता से इस विषय को रखेऔर बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार को चेतावनी देते हुए कि हिंदू समाज और उसके धार्मिक आस्थाओं के केंद्रों की रक्षा के लिए वह तुरंत आवश्यक कदम उठाए अन्यथा हिंदू समाज बांग्लादेश के विरुद्ध आवाज उठाते हुए हिंदू समाज को जागृत करने का काम करेगा और बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ हो रही अत्याचार की घटनाओं को सारी दुनिया के समक्ष रखेगा इसके अनेक प्रमाण सोशल मीडिया पर उपलब्ध है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल मांग करता है कि बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं के परिवार उनकी संपत्ति व धार्मिक स्थलों को सुरक्षा प्रदान की जाए,बांग्लादेश में नष्ट किए गए हिंदुओं के धार्मिक स्थलों को पुनर्निर्माण करके उनकी सुरक्षा के कदमउठाए जाएं ।, हिंदुओं की संपत्ति जो नष्ट की गई है उसका आर्थिक मुआवजा तुरंत हिंदुओं को दिलाया जाण , अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद यह भी मांग करता है कि बांग्लादेश के हिंदुओं को यदि इसी प्रकार प्रताड़ित किया तो आने वाले समय में भारत का समस्त हिंदू समाज बांग्लादेश के हिंदू समाज के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने की तैयारी के लिए समाज को जागृत करने का काम करेगा।,- बांग्लादेश में भारत सरकार आर्थिक व्यापारिक व अन्य सभी प्रकार के व्यवहार हिंदुओं पर अत्याचार बंद होने तक उन पर रोक लगाई जावे। बांग्लादेश घुसपैठियों को गिरफ्तार कर उनका देश से निकालना डिपोर्ट करने का कार्य करें। राजेश शर्मा, अर्जुन, निखिल, जगमोहन सिंह कश्यप, दीपक तोमर,चमन, नितिन कुमार, देवेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# अवैध कूड़ा गिरवाने के मामले में सफाई नायक निलंबित

गाजियाबाद । नगर आयुक्त ने कौशांबी सीमांत विहार के सफाई नायक को निलंबित कर दिया है। वह रेहड़ी पटरी वालों का अवैध कूड़ा निगम के ढलावघरों पर गिरवा रहा था। इससे क्षेत्र में गंदगी के ढेर लग रहे थे। इस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। कौशांबी क्षेत्र में कुछ ढलावघरों पर कूड़ा पड़ा रहता था। जबकि निगम की गाड़ियां सुबह कूड़ा भरकर ले जाती थी। कूड़े के ढेर लगे होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। कूड़े की दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल था। लोगों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से यह शिकायत की। नगर आयुक्त ने जांच कराई। सूत्रों ने बताया कि सफाई नायक पवन रेहडी पटरी का अवैध कूड़ा निगम के ढलावघरों पर डलवा रहा था। इस कारण कूड़े के ढेर रहते थे। नगर आयुक्त ने काम में लापरवाही मिलने पर सफाई नायक को निलंबित कर दिया है। आरडब्ल्यूए ने नगर आयुक्त से समस्या से अवगत कराया कौशांबी आरडब्ल्यूए ने गुरुवार को नगर आयुक्त से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ए, बी, सी और के- ब्लॉक में पानी की लाइन चालू कराने की मांग की। प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्लास्टिक का बहिष्कार कराने और कब्जा हटाने की मांग उठाई। इस पर नगर आयुक्त ने वसुंधरा जोनल प्रभारी, स्वास्थ्य विभाग और जलकल टीम को एक सप्ताह में कार्य कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्लास्टिक जलाने पर जुर्माना करने के लिए भी कहा गया द्य अपर नगर आयुक्त और विभाग के वरिष्ठ प्रभारियों को रोजाना सुबह और शाम शहर का निरीक्षण करने के निर्देश दिए द्य जलकल विभाग को कौशांबी के साथ अन्य इलाकों में भी पानी की नई पाइप लाइन डलवाने के निर्देश दिए।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री बनी क्षमा शर्मा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। पिलखुवा निवासी क्षमा शर्मा राहुल राणा के नेतृत्व में किया गया भव्य स्वागत धौलाना तहसील के पिलखुवा निवासी क्षमा शर्मा को राष्ट्रीय नेतृत्व ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री मनोनीतहोने पर पूरी क्षेत्र की जनता हर्षित है।एक छोटी सी लाडली ने धौलाना साठा-चौरासी क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय पटल पर स्वर्णमीय अक्षरों से संकित कर दिया है।लाडली के आगमन पर राहुल राणा के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया।अधिवक्ता राहुल राणा कंदौला ने बताया की पिलखुवा के राणा डिग्री कालेज से छात्र राजनीति की शुरुआत करने वाली हमारी बहन क्षमा शर्मा विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत से राष्ट्रीय मंत्री बनी है।उन्होंने एबीवीपी में नगर छात्रा प्रमुख राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, व प्रदेश सहमंत्री रहते हुए 2 वर्ष तक महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वाहन किया है । क्षमा शर्मा को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के गोरखपुर में संपन्न हुए 70वे राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय मंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व के सौंपा गया।वहीं साठा-चौरासी क्षेत्र का गौरव बन चुकी क्षमा शर्मा को धौलाना बार एसोसिएशन की तरफ से अधिवक्ता राहुल राणा द्वारा शुभकामनाएं दी इस मौके पर राहुल राणा,हिमांशु अग्रवाल, नितेश तोमर,अंकित शर्मा,मोहित तोमर,तुषार शर्मा आदि मौजूद रहे ।

# लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक द्वारा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। धौलाना कस्बे में चौहान मार्केट बस स्टैंड पर लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक द्वारा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस दौरान करीब 51 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया।इस दौरान डॉ योगेश कुमार ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है,किसी के एक यूनिट रक्त से किसी जरूरतमंद की जान बच सकती है।उन्होंने सभी युवाओं से अपील की कि वे इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें यह शिविर चंद्रावती देवी प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया।रक्तदान शिविर के दौरान लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रह का कार्य किया।शाम चार बजे तक लगभग 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया इस दौरान रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# संस्कृति सप्ताह के द्वितीय दिवस पर आर्य समाज मंदिर में विराट हवन का आयोजन किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। संस्कृति सप्ताह के द्वितीय दिवस पर आर्य समाज मंदिर में विराट हवन का आयोजन किया गया। हवन आर्य समाज मंदिर के प्रांगण में गौरव शास्त्री जी ने संपन्न कराया। शास्त्री जी को पटका पहनाकर और दक्षिणा देकर सम्मानित किया गया। शास्त्री ने बताया कि हम सबको पर्यावरण की शुद्धता के लिए और घर के शुद्धिकरण के लिए महीने में दो बार अमावस्या और पूर्णिमा को हवन करना चाहिए। हवन के साथ भजनों का सभी ने आनंद लिया। और प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान में शाखा संरक्षक अशोक गोयल ,बीना गोयल, सुरेंद्र गर्ग, सुधा गर्ग मुख्य यजमान रहे। शाखा मार्गदर्शक बीना गोयल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सृष्टि शाखा द्वारा पवित्र यज्ञ का कार्य आर्य समाज मंदिर में कर समस्त सृष्टि शाखा अपने को धन्य मान रही है सृष्टि शाखा के समस्त सदस्य बड़ी ही तन्मयता से समाज सेवा के कार्य में लगे हुए है मुझे बड़ा ही हर्ष हो रहा है कि जब भी कोई कार्यक्रम शाखा द्वारा किया जाता है तो समस्त सदस्य अपना निजी कार्य मान बड़े ही धूमधाम से कार्यक्रम को मनाते हैं ।कार्यक्रम में कवि अशोक गोयल,बीना गोयल,शाखा अध्यक्ष शशि गुप्ता, शाखा सचिव अलका अग्रवाल, शाखा कोषाध्यक्ष श्वेता गोयल, शाखा महिला संयोजिका हिमानी बंसल, शाखा मेंबर कुसुम लता गुप्ता, सर्वेश शर्मा, वर्षा सिंघल, आरती अग्रवाल,हिमांक गोयल, के अतिरिक्त अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# संविधान दिवस पर चंदौसी में सम्मानित हुए कवि सचिन कुमार कैन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। हापुड़ के कवि सचिन कुमार कैन को संविधान दिवस की प्लेटनियम जयंती पर शहर चंदौसी में एक भव्य कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में आमंत्रित किया गया था। तो वहीं कवि सचिन कुमार कैन ने अपनी कविताओं के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को देश एवं संविधान के प्रति जागरूक करते हुए, उनके अन्दर समाजिक चेतना जाग्रत करने का कार्य किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रद्धेय सतीश प्रेमी एडवोकेट (पूर्व प्रदेश कोर्डिनेटर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति, भारत सरकार)

ने युवा कवि की प्रशंसा करते हुए कहा कि कवि सचिन कुमार कैन ऐसी क्रांतिकारी क्षेत्र से आते हैं, जो क्षेत्र पूर्व सांसद बुद्ध प्रिय मौर्य जी की कर्मस्थली रही है। आज समाज को ऐसे युवा कवियों की बहुत ज्यादा जरूरत है, जो अपनी कविताओं से बहुजन महापुरुषों के मिशन को आग बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम में कवि सचिन कुमार कैन को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्यो ने अपने विचार प्रकट करते हुए संविधान के प्रति लोगों को जागरूक किया।

# बंद घरों को निशाना बना चोरी करने वाला गैंग पकड़ा

गाजियाबाद । बंद घरों को निशाना बनाकर नगदी-जेवर तथा अन्य सामान चोरी करने वाले गिरोह का खिलासा करते हुए नंदग्राम पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में कई घटनाओं को अंजाम देना कबूल किया है। उनके कब्जे से लाखों के जेवर, नगदी तथा बाइक बरामद हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदात करते थे। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि नंदग्राम स्थित एचआईजी फ्लैट में रहने वाले संजय कुमार ने 12 नवंबर को घर में हुई चोरी के संबंध में थाने पर केस दर्ज कराया था। जिसमें संजय कुमार का कहना था कि वह परिवार के साथ यशोदा अस्पताल गए हुए थे, वहां से लौटे तो घर का दरवाजा खुला था और अलमारी का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। चोर उनके घर से लाखों कीमत के जेवरात और हजारों का कैश चोरी कर ले गए। एसीपी की मानें तो केस दर्ज करने के बाद चोरों की तलाश के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और फिर मुखबिर की सूचना पर तीन आरोपी चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पकड़े गए आरोपियों में मोसिन उर्फ नदीम निवासी खोड़ा, सरफराज उर्फ फैज निवासी खोड़ा और विकास सोनी निवासी ज्योतिनगर दिल्ली शामिल हैं। एसीपी नंदग्राम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से साढ़े तीन लाख रुपए के जेवर, 45 हजार रुपए की नगदी तथा वारदात में इस्तेमाल होने वाली बाइक बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह नशे के आदी हैं। नशे की लत को पूरी करने के लिए वह चोरी की घटनाएं करते हैं। आरोपियों ने नंदग्राम बी-ब्लॉक में दो घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया।

इसके अलावा 22 नवंबर को मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के कई घरों में चोरी की घटना को अंजाम देना कबूल किया। एसीपी का कहना है कि आरोपियों द्वारा कबूली गई घटनाओं को तस्दीक किया जा रहा है।

# विवाहिता ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या की



गाजियाबाद । पुराना विजयनगर में गुरुवार सुबह विवाहिता ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त विवाहिता का पति ड्यूटी पर गया हुआ था। पड़ोसियों ने शव फंदे पर लटका देखा तो घटना की जानकारी दी, जिसके बाद विजयनगर पुलिस को बताया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पुराना विजयनगर गली नंबर-तीन में रहने वाले हर्ष वर्मा लोहियानगर में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनकी शादी 30 फरवरी 2022 को 24 वर्षीय खुशबू उर्फ शिवानी के साथ हुई थी। गुरुवार सुबह हर्ष वर्मा ड्यूटी पर चले गए। घर पर पत्नी खुशबू अपने डेढ़ वर्षीय बेटे के साथ मौजूद थी। सुबह करीब 11 बजे खुशबू ने कमरे में पंखे से फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। बच्चे को रोता देख पड़ोसी घर पहुंचे तो खुशबू का शव पंखे से लटका देख उनके होश उड़ गए। पड़सियों ने हर्ष वर्मा को सूचना दी,

जिन्होंने घर आकर पुलिस को सूचना दी। डीसीपी सिटी राजेश कुमार का कहना है कि प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारण का पता नहीं लग सका है। घरेलू कलह के चलते आत्महत्या का अंदेशा है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# दिल्ली में धमाके के बाद गाजियाबाद की सीमाओं पर चौकसी

गाजियाबाद । दिल्ली के प्रशांत विहार में गुरुवार को जोरदार धमाका होने के बाद गाजियाबाद की सीमाओं पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई। इस दौरान बैरियर लगाकर चेकिंग की गई। इस दौरान चार पहिया वाहनों की डिग्गी खोलकर और दो पहिया वाहन सवारों के बैग खोलकर देखे गए। संदिग्ध नजर आने वाले लोगों की तलाशी लेकर उनसे पूछताछ भी की गई। दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद कमिश्नरेट गाजियाबाद में सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी कर दी गई। इस दौरान दोपहर में ही सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यूपी गेट, आनंद विहार बॉर्डर, महाराजपुर बॉर्डर, सूर्यनगर बॉर्डर, आराधना बॉर्डर के अलावा तुलसी निकेतन बॉर्डर पर पुलिस के जवानों ने बैरियर लगाकर जांच की। दिल्ली आने जाने वाले वाहनों की रोककर जांच की गई। चार पहिया वाहनों की जांच के दौरान डिग्गी खोलकर भी तलाशी ली गई। इस दौरान कहीं भी किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि दिल्ली में विस्फोट की सूचना के बाद सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। जांच में कहीं कुछ संदिग्ध नहीं मिला।

## प्लॉट दिलाने के नाम पर दंपति से ठगी

ग्रेटर नोएडा । दिल्ली से ग्रेटर नोएडा प्लॉट की तलाश में आए दंपति के साथ ठगी का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दिल्ली निवासी अनिल कोहली ने न्यायालय को बताया कि एक साल पहले वह अपनी पत्नी के साथ आवासीय भूखंड की तलाश में ग्रेटर नोएडा आए थे। इस बीच उनकी मुलाकात युवक मनीष से हुई। मनीष ने कुछ लोगों से उनकी मुलाकात करवाई। सभी ने खोदना खुर्द में एक भूखंड दिलाने की बात की। आरोपियों ने 140 वर्ग मीटर प्लॉट के लिए उनसे 21 लाख 52 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद प्लॉट की रजिस्ट्री के लिए टरकाते रहे। पीड़ित का आरोप है कि वह 29 सितंबर को किसी काम से दादरी जा रहे थे। इसी बीच आरोपियों ने रेलवे ओवरब्रिज के समीप उन्हें रोक लिया और मारपीट की। पीड़ित ने इस घटना की शिकायत पुलिस से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन पीड़ित को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी मनीष, बिजेंदर, विजयपाल और चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## फ्लैट से नगदी, लैपटॉप और जेवरात चोरी

ग्रेटर नोएडा । गौर सिटी-2 स्थित रक्षा एडेला सोसाइटी के फ्लैट में चोरी होने का मामला सामने आया है। फ्लैट मलिक का आरोप है कि बालकनी के दरवाजे का शीशा तोड़कर बदमाश अंदर घुसे और नगदी, लैपटॉप और गहने समेत कीमती सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। बिसरख पुलिस के मुताबिक रक्षा एडेला सोसाइटी में वीरेंद्र कुमार अपने परिवार के साथ रहते हैं। वीरेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ नैनीताल घूमने गए थे। वह वापस लौटे तो घर में चोरी की घटना के बारे में पता चला। बालकनी के दरवाजे का शीशा टूटा हुआ था। घर की अलमारी में रखे 15 हजार रुपये, एक लैपटॉप, सोने-चांदी के गहने और चेक बुक आदि सामान गायब था। इसकी सूचना पीड़ित ने तुरंत पुलिस को दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की, लेकिन चोरों का कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि सीसीटीवी की फुटेज देखी जा रही है। चोरों का पता लगाकर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## भूखंड बेचने का झांसा देकर पैसे हड़पने का आरोप, पांच के खिलाफ केस

ग्रेटर नोएडा । गाजियाबाद निवासी व्यक्ति ने ग्रेटर नोएडा में रहने वाले पांच लोगों पर एक भूखंड बेचने का झांसा देकर 39 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गाजियाबाद निवासी कुलदीप त्यागी ने न्यायालय को बताया कि कुछ दिनों पहले उनकी मुलाकात दो सगे भाइयों धर्मवीर और महिपाल से हुई। दोनों भाइयों ने जमीन अधिग्रहण के एवज में अपने नाम पर 373 मीटर का विकसित भूखंड आवंटित होने की जानकारी दी। प्लॉट का सौदा 77 लाख 21 हजार में तय हुआ। पीड़ित का दावा है कि उन्होंने दोनों भाइयों और उनके बेटों के नाम पर नगद, आरटीजीएस और चेक के माध्यम से 39 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया। बाकी रुपये रजिस्ट्री के समय देना तय हुआ। इसके बाद पीड़ित को पता चला कि आवासीय भूखंड पर महीपाल और धर्मवीर के तीसरे भाई मृतक महेंद्र की पत्नी का भी हिस्सा है। यह बात उनसे छिपाई गई। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने रजिस्ट्री करने से मना कर दिया। पीड़ित ने अपने रुपये वापस मांगे तो उन्हें धमकी दी गई। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन पीड़ित को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी धर्मवीर महिपाल समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रेमी ने लिव-इन में रह रही युवती को मार डाला

नोएडा । सेक्टर-63 क्षेत्र के छिजारसी गांव में लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली युवती की उसके प्रेमी ने गला दबाकर हत्या कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद सेक्टर-63 पुलिस ने गुरुवार को छिजारसी स्थित एसजेएस कट के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। युवती की दूसरी जगह शादी तय होने से आरोपी नाराज था। इसी को लेकर दोनों के बीच मंगलवार रात झगड़ा हुआ था। सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि बुधवार दोपहर सूचना मिली कि छिजारसी में किराये के कमरे में एक युवती का शव पड़ा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की। युवती की पहचान बिहार के जिला सीतामढ़ी के गांव नानपुर निवासी खुशबू उर्फ खुशी के रूप में हुई। सूचना पर दक्षिणी दिल्ली के जसोला गांव में रहने वाली मृतका की बुआ वहीदा खातून उर्फ मीना देवी पहुंचीं। जांच में पता चला कि एक वर्ष पूर्व खुशबू की इंस्टाग्राम के जरिये जिला कासगंज के गांव ऊंचागांव निवासी सूर्यकांत से दोस्ती हुई थी। सूर्यकांत बीए पास है और खुशबू 10वीं पास है। करीब दो माह पहले दोनों छिजारसी में आकर लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे थे। दोनों सेक्टर-63 के एफ ब्लॉक स्थित जूते के सॉल बनाने वाली कंपनी में साथ-साथ काम करने लगे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर वहीदा खातून की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया। साथ ही, सूर्यकांत की खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को दबोच लिया। रिश्ता तय होने के बाद विवाद शुरू हुआ आरोपी ने पुलिस को बताया कि दो माह पहले परिजनों ने खुशबू का रिश्ता उसकी मौसी के लड़के जावेद के साथ तय कर दिया था। इसकी जानकारी होने पर सूर्यकांत का खुशबू से आए दिन विवाद होने लगा। खुशबू कहती थी कि वह केवल घरवालों की खुशी के लिए निकाह कर रही है, लेकिन जीवनभर सूर्यकांत के साथ ही रहेगी। मंगलवार रात सूर्यकांत ने खुशबू से शादी करने का दबाव बनाया तो झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। आरोपी ने खुशबू को जमीन पर गिरा लिया और दोनों घुटने उसकी छाती पर रखकर गला दबा दिया। हत्या करने के बाद सूर्यकांत कमरे से भाग गया था। अगले दिन मकान मालिक ने खुशबू की मौत होने की सूचना दी थी। आरोपी के भागने के बाद शक गहराया पुलिस ने शुरुआत में खुशबू की बीमारी से मौत होने की आशंका जताई थी। पोस्टमार्टम कराने पर बिसरा प्रिजर्व रखा गया था, लेकिन मौत का कारण ट्रैकिया हेमरेज होना दर्शाया गया था। इससे और सूर्यकांत के भागे होने से पुलिस को हत्या का शक हुआ था। उधर, आरोपी पकड़े जाने पर टूट गया और उसने प्रेमिका से निराश और गुस्से में अपराध करने की बात स्वीकार की।

## दुष्कर्म पीड़िता की याचिका पर दिल्ली सरकार से मांगा जवाब




नई दिल्ली । दिल्ली हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न पीड़िता की याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। पीड़िता ने खयौन उत्पीड़न के कारण एचआईवी संक्रमण होने के आधार पर अंतरिम मुआवजे में वृद्धि की मांग की है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने दिल्ली सरकार, महिला एवं बाल विकास विभाग और दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को नोटिस जारी किया है। अदालत ने अधिकारियों से दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा और अगली सुनवाई सात जनवरी, 2025 को तय की है। याचिका में तर्क दिया गया कि यौन उत्पीड़न के कारण पीड़िता एचआईवी संक्रमण से ग्रस्त हो गई। महिला ने कहा कि दिल्ली पीड़ित मुआवजा योजना के तहत उसे अंतरिम मुआवजे के तौर पर 1.75 लाख रुपये दिए गए हैं और उसने हाईकोर्ट से अधिकारियों को यह राशि बढ़ाने का निर्देश देने का आग्रह किया है।

## डीएसएफडीसी कर्मचारियों को मिलेगा रुका वेतन, 17 करोड़ जारी

नई दिल्ली । दिल्ली कैबिनेट ने गुरुवार को एक बड़ा निर्णय लिया। इसके तहत दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने एससी, एसटी, ओबीसी, माइनॉरिटी एंड हैंडीकैप फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (डीएसएफडीसी) के कर्मचारियों के रुके हुए वेतन के लिए 17 करोड़ रुपये जारी करने का निर्णय लिया है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज हमने डीएसएफडीसी के कर्मचारियों की तनख्वाह भी शुरू करा दी है। यह कॉरपोरेशन हमारे समाज के एससी, एसटी, ओबीसी माइनॉरिटी और दिव्यांगजनों को सस्ती दरों पर लोन देता है। भाजपा वालों ने मुझे जेल भेजकर इस कॉरपोरेशन को भी बंद करने की साजिश रची थी ताकि गरीबों को मदद ना मिल सके। लेकिन, अब मैं आ गया हूं, सारे रूके हुए काम करवा दूंगा। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि डीएसएफडीसी कर्मचारियों का वेतन जारी करने के लिए दिल्ली कैबिनेट ने 17 करोड़ रुपये के 'ग्रांट इन ऐड' जारी करने का निर्णय लिया है। अरविंद केजरीवाल को जेल भेजने के बाद बार-बार डीएसएफडीसी कर्मचारियों की तनख्वाह की फाइल पर अडंगा लगाया गया। अरविंद केजरीवाल से नफरत करते-करते दूसरी पार्टी दिल्ली के लोगों से भी इतनी नफरत करने लगी कि इस कॉरपोरेशन के 125 से ज्यादा कर्मचारियों की महीनों तक तनख्वाह रोक दी। लेकिन, अब सरकार के इस निर्णय से कर्मचारियों को पुरानी रुकी तनख्वाह मिलेगी और आगे की तनख्वाह समय पर मिलती रहेगी। सीएम आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार के खिलाफ साजिश की गई और कर्मचारियों की तनख्वाह रोकी गई। इसमें डीएसएफडीसी के 125 कर्मचारी भी थे। जिन्हें जनवरी से तनख्वाह नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि हर बार उनकी तनख्वाह की फाइल आगे भेजी जाती थी। लेकिन, उसमें कोई न कोई अडंगा डाल दिया जाता था। लेकिन, आज दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने कॉरपोरेशन को 17 करोड़ का 'ग्रांट इन ऐड' देने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि इससे जिन-जिन लोगों की इन कॉरपोरेशन में तनख्वाह रुकी थी, उन्हें जनवरी से अब तक की तनख्वाह दी जाएगी और आने वाले समय में भी तनख्वाह समय पर मिलेगी। कैबिनेट में यह चर्चा भी की गई है कि इस कॉरपोरेशन को कैसे रिवाइव किया जा सके ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सके।

## गलगोटियाज विश्वविद्यालय में भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में दो दिवसीय अन्वेषण 2024 छात्र अनुसंधान सम्मेलन का हुआ समापन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




ग्रेटर नोएडा । जीत और हार महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि अनुसंधान जैसे व्यापक क्षेत्र में भागीदारी अधिक मायने रखती है: डॉ. अमरेंद्र पाणि (संयुक्त निदेशक, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटीज, दिल्ली) अन्वेषण 2024 छात्र अनुसंधान सम्मेलन का यह अद्भुत कार्यक्रम असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन था, जिसमें पहले दिन के पोस्टर प्रेजेंटेशन के बाद 140 टीमों में से 6 श्रेणियों की 45 से अधिक टीमें मौखिक प्रेजेंटेशन के लिए योग्य पाई गईं। प्रत्येक श्रेणी के विजेताओं को हाइलाइट किया गया है। कृषि विज्ञान श्रेणी: प्रथम स्थान-गुरु गोबिंद सिंह त्रिशताब्दी विश्वविद्यालय द्वितीय स्थान-मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज़ तृतीय स्थान- गलगोटियास विश्वविद्यालय बेसिक साइंस श्रेणी- प्रथम स्थान-सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा द्वितीय स्थान- शारदा विश्वविद्यालय तृतीय स्थान- गुरु गोबिंद सिंह त्रिशताब्दी विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान श्रेणी- प्रथम स्थान- ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी द्वितीय स्थान- शारदा विश्वविद्यालय तृतीय स्थान- लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी श्रेणी- प्रथम स्थान- लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी द्वितीय स्थान-गुरु गोबिंद सिंह त्रिशताब्दी विश्वविद्यालय तृतीय स्थान- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय स्वास्थ्य विज्ञान श्रेणी- प्रथम स्थान- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वितीय स्थान- गलगोटियास विश्वविद्यालय तृतीय स्थान- गुरु गोबिंद सिंह त्रिशताब्दी विश्वविद्यालय अंतरविषयक अनुसंधान श्रेणी- प्रथम स्थान-शारदा विश्वविद्यालय द्वितीय स्थान- गुरु गोबिंद सिंह त्रिशताब्दी विश्वविद्यालय तृतीय स्थान- इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मुख्य आकर्षण- गुरु गोबिंद सिंह त्रिशताब्दी विश्वविद्यालय ने 5 अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शारदा विश्वविद्यालय ने 3 श्रेणियों में पुरस्कार जीते। गलगोटियास विश्वविद्यालय, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रत्येक ने 1-1 श्रेणी में पुरस्कार जीते। इसके अलावा, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज़, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी और इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय ने भी 1-1 श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त किए। समापन समारोह- गलगोटियाज विश्वविद्यालय के सीईओ डा0 ध्रुव गलगोटिया ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं की इस प्रकार से अनुसंधान में रूचि कल के भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। समापन सत्र में डॉ. अमरेंद्र पाणि (संयुक्त निदेशक, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटीज, दिल्ली) ने यह संदेश दिया कि जीत और हार महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि अनुसंधान जैसे व्यापक क्षेत्र में भागीदारी अधिक मायने रखती है। इस अवसर पर गलगोटियास विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मल्लिकार्जुन बाबू, रजिस्ट्रार डॉ. नितिन गौर, पूर्व डीआरडीओ महानिदेशक डॉ. शशि बाला सिंह और डीन अकादमिक्स डॉ. रमा कोमार गिरी उपस्थित विशेष रूप से उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन गलगोटियास विश्वविद्यालय के एसोसिएट डीन (रिसर्च) डॉ. धीरज कुमार सिंह ने दिया।

## दिल्ली के प्रशांत विहार इलाके में संदिग्ध विस्फोट, दिल्ली पुलिस मौके पर मौजूद



नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के प्रशांत विहार इलाके में पीवीआर सिनेमा हॉल के पास आज सुबह संदिग्ध धमाका हुआ। बताया जा रहा है कि पीवीआर के पास बंसी स्वीट्स के सामने यह धमाका हुआ। इसकी जानकारी पीसीआर कॉल को 11 बजकर 48 मिनट पर मिली। प्रशांत विहार इलाके में संदिग्ध धमाके जानकारी मिलते ही पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। इसके अलावा दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम भी घटनास्थल पर मौजूद है। हालांकि, अब तक इस मामले में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। प्रशांत विहार में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए धमाके के एक महीने बाद यह दूसरी घटना हुई है। बीते महीने सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए धमाके में स्कूल की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई थी। साथ ही आस-पास की दुकानों को भी नुकसान पहुंचा था। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया था कि धमाके की आवाज सुनकर उन्होंने तुरंत अपने घरों और दुकानों से बाहर निकलकर देखा। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ था। प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए विस्फोट मामले में दिल्ली पुलिस ने एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की थी। एक ऑफिस संचालक आशु गुप्ता ने बताया था कि ब्लास्ट की वजह से उसके बाथरूम के शीशे टूट गए थे और छत की दीवार में भी दरार आ गई थी।

उन्होंने बताया कि घटनास्थल से उनके ऑफिस की दूरी करीब 40-50 मीटर है। उन्होंने बताया कि धमाका काफी तेज था। यदि साधारण बम या सिलेंडर ब्लास्ट होता, तो इतनी दूर तक उसका असर नहीं दिखता। यह कोई साधारण विस्फोट नहीं हो सकता।

## ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर अमित शाह और योगी आदित्यनाथ ने दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली । महान समाज सुधारक और क्रांतिकारी महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर देशभर में उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। ज्योतिबा फुले का योगदान भारतीय समाज में आमूलचूल बदलाव लाने के लिए हमेशा याद किया जाएगा, खासकर उनके द्वारा किए गए दलित उत्थान, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्यों के लिए। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, महान समाज सुधारक और शिक्षाविद ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटिश: नमन। ज्योतिबा फुले जी ने एक ओर वंचितों के उत्थान के लिए अथक कार्य किए, तो दूसरी ओर शिक्षा को सकारात्मक बदलाव का सशक्त माध्यम बनाया। विषम परिस्थितियों में भी सामाजिक समरसता के लिए प्रतिबद्ध रहने वाले ज्योतिबा फुले जी नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उनका जीवन और दर्शन जनकल्याण व भावी पीढ़ी के निर्माण की प्रेरणा देते रहेंगे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उन्हें याद करते हुए एक्स पर लिखा, महान क्रांतिकारी, समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन। बहुजनों के हक और अधिकारों के लिए उनका संघर्ष हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, महान समाज सुधारक एवं राष्ट्रवादी चिंतक, महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि !जातिगत भेदभाव एवं छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, नारी शिक्षा, वंचितों के उन्नयन तथा समतामूलक समाज की स्थापना के लिए उनके द्वारा किया गया अविस्मरणीय संघर्ष समूची मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर महात्मा ज्योतिराव फुले को कोट करते हुए लिखा कि शिक्षा स्त्री और पुरुष दोनों के लिए समान रूप से आवश्यक है। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, 卐दलित उत्थान और महिला सशक्तिकरण के लिए सदैव समर्पित रहे महान समाज सेवक, दार्शनिक व सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि! उनके विचार और कार्य आज भी हम सभी के लिए सदैव एक प्रेरणास्त्रोत रहेंगे।

## डीएनडी टोल से महामाया फ्लाईओवर तक एलिवेटेड, विधायक के पत्र पर मिला केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आश्वासन



नोएडा । नोएडा में एक और एलिवेटेड बनाने का रास्ता साफ होता दिख रहा है। ये एलिवटेड दिल्ली वाया डीएनडी होकर नोएडा एक्सप्रेस जाने वाले वाहन चालकों को जाम से मुक्ति दिलाएगा। वर्तमान में ये ट्रैफिक डीएनडी लूप से उतरकर एक्सप्रेस वे पर जाता है। यहां वाहन चालकों को जाम मिलता है। विधायक राजेश्वर सिंह के पत्र पर सड़क परिवहन एंव राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सहमति जताई है। उन्होंने राजेश्वर सिंह के एक पत्र का जवाब देते हुए सहमति दी है। इस फ्लाईओवर के बनने से रोजाना करीब 2 लाख वाहन चालकों को फायदा होगा। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जो परियोजना नोएडा में है वो चिल्ला एलिवेटेड रोड की है। जो दिल्ली के मयूर विहार की ओर से नोएडा प्रवेश द्वार के ट्रैफिक को डायवर्ट करने के लिए होगा और महामाया फ्लाईओवर के आगे एक्सप्रेस वे तक पहुंचेगा। ये फ्लाईओवर 4 से 5 किमी का हो सकता है। जबकि नया फ्लाईओवर डीएनडी टोल से महामाया फ्लाईओवर तक होगा। जिससे दक्षिण दिल्ली के आश्रम और सरायकाले खां की ओर से दिल्ली इनर रिंग रोड का वो ट्रैफिक जो नोएडा एक्सप्रेस वे आता है। उसके राह को आसान करेगा। बता दें डीएनडी पर पीक आवर में 5 लाख से ज्यादा वाहन चलते है। ये वाहन रोजाना दिल्ली से नोएडा और नोएडा से दिल्ली आते जाते है। इन वाहन चालकों को डीएनडी लूप से लेकर एक्सप्रेस वे के जीरो पाइंट तक जाम झेलना पड़ता है। हालांकि प्राधिकरण डीएनडी लूप को चौड़ा करने और आगे सड़क का चौड़ीकरण का काम कर रहा है। लेकिन इस रूट के लिए फ्लाईओवर का निर्माण होता है तो यहां जाम से आगामी कई सालों के लिए निजात मिल सकेगा। फिहलाल विधायक राजेश्वर सिंह के पत्र पर केंद्रीय मंत्री की सहमति के बाद प्राधिकरण इस योजना पर अमल करेगा। साथ ही जल्द ही इस योजना के लिए फिजिबिलिटी तैयार करेगा।

## दिल्ली की आबोहवा फिर बिगड़ी, बहुत खराब श्रेणी में एक्यूआई



नई दिल्ली । दिल्ली में वायु गुणवत्ता गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार गुरुवार सुबह 6 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 304 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। हालांकि, सप्ताह की शुरुआत में मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक में मामूली सुधार देखा गया था, जब यह खराब श्रेणी में पहुंच गया था, लेकिन बुधवार को प्रदूषण का स्तर फिर से बढ़ गया और यह गंभीर बना हुआ है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई, जिससे स्थिति और खराब हो गई। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, आनंद विहार में एक्यूआई 357, अशोक विहार में 318, बवाना में 341, बुराड़ी क्रॉसिंग में 320, जहांगीरपुरी में 354 और मुंडका में 364 दर्ज किया गया। द्वारका सेक्टर-8 में 332, नरेला में 312 और शादीपुर में 351 रहा। इसके अलावा, चांदनी चौक में एक्यूआई 293, लोधी रोड में 261 और जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 267 दर्ज कियया गया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में फरीदाबाद में एक्यूआई 176 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी में है, जबकि गुरुग्राम का 221, ग्रेटर नोएडा का 227, गाजियाबाद का 260 और नोएडा का एक्यूआई 282 दर्ज किया गया, जिसे खराब श्रेणी माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में लगातार छाए रहने वाले स्मॉग के कारण दृश्यता कम हो गई है और स्वास्थ्य जोखिम बढ़ गया है। वायु की खराब होती गुणवत्ता के जवाब में, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण 4 के तहत लगाए गए प्रतिबंधों को कम करने से इनकार कर दिया।

## पहली ट्रांसजेंडर निगम पार्षद बॉबी को अग्रिम जमानत

नई दिल्ली । दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली की पहली ट्रांसजेंडर निगम पार्षद बॉबी को अग्रिम जमानत दे दी है। बॉबी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जाति प्रमाण पत्र हासिल करने के मामले में आरोपी हैं। निचली अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत खारिज कर दी थी। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने उनके और दिल्ली पुलिस के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद बॉबी को अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति महाजन ने उनके वकील प्रवीण कुमार दुहन की दलीलों पर गौर किया कि वह तीन बार जांच में शामिल हो चुकी हैं। पीठ ने निर्देश दिया कि गिरफ्तारी की स्थिति में उन्हें 25,000 रुपये के निजी मुचलके पर रिहा किया जाए। एफआईआर रद्द करने की उनकी याचिका पर फरवरी 2025 में सुनवाई होगी। दिल्ली पुलिस ने उन पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र हासिल करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की थी।

## चक्रवात फेंगल को लेकर अलर्ट मोड में पूर्वी नौसेना कमान



नई दिल्ली । चक्रवात फेंगल इस समय बंगाल की खाड़ी में बना हुआ है और अगले एक या दो दिनों में इसके तेज होने की आशंका है। आईएमडी ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है वहीं नौसेना ने भी अपनी ओर से तैयारी पूरी कर ली है। तमिलनाडु के तट पर इस चक्रवात के प्रभाव की आशंका को देखते हुए नौसेना राज्य प्रशासन के साथ समन्वय करके संवेदनशील क्षेत्रों में सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। पूर्वी नौसेना कमान ने मुख्यालय तमिलनाडु और पुदुचेरी नौसेना क्षेत्र संग मिलकर चक्रवात के संभावित प्रभावों को कम करने के लिए काम कर रहा है। वाहनों को भोजन, पीने के पानी और दवाओं सहित आवश्यक राहत सामग्री से भरा जा रहा है, जबकि विशेष बाढ़ राहत दल को संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है। गोताखोरी टीमों को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है, जो आवश्यकता पड़ने पर आपातकालीन बचाव मिशन करने के लिए तैयार हैं। चक्रवात फेंगल के अगले 48 घंटों में तेज होने का अनुमान है। तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में भारी वर्षा, तेज हवाएं और संभावित बाढ़ आने की उम्मीद जताई जा रही है। अधिकारियों ने निचले इलाकों और तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षा सलाह का पालन करने की अपील की है। भारतीय नौसेना स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रही है और चक्रवात फेंगल के दौरान प्रभावित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने टीआर पाटिनम और कराईकल सहित संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया है। स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर टीम जोखिम आकलन और प्रभावित क्षेत्रों में निवासियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपायों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मछुआरों को चेतावनी जारी करते हुए उन्हें समुद्र में न जाने की सलाह दी है, क्योंकि दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव के क्षेत्र के 28 नवंबर की शाम से 29 नवंबर की सुबह के बीच चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है। बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में बना गहरा दबाव क्षेत्र उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है और अगले 12 घंटों में इसके चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है। चक्रवात के कारण इंडिगो एयरलाइंस ने यात्रियों को सूचित किया है कि चेन्नई, तूतीकोरिन, मदुरै, तिरुचिरापल्ली और सलेम से आने-जाने वाली उड़ान सेवाएं प्रभावित होंगी। एयरलाइन ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण उड़ान संचालन के बारे में अपडेट की जांच करते रहें।

# ब्रजवासियों की सेवा हेतु सदैव तत्पर रहते थे हरिबोल बाबा महाराज –आनंद वल्लभ गोस्वामी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

वृंदावन ।मारुति नगर क्षेत्र स्थित सी.एल. शिशु शिक्षा निकेतन में राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ के तत्वावधान में बैरागी बाबा आश्रम के अध्यक्ष महंत हरिबोल बाबा महाराज के गोलोक गमन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रख्यात हिन्दूवादी नेता गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने कहा कि हमारा महंत पूज्य बैरागी बाबा महाराज एवं हरिबोल बाबा महाराज से निकटतम संबंध रहा है। महंत हरिबोल बाबा महाराज का हम सभी से अत्यंत प्रेम था।श्रीकृष्ण जन्मभूमि में होने वाले सभी आयोजनों में प्रायः उनकी सहभागिता रहती थी।

पंडित चंद्रलाल शर्मा ने कहा कि हरिबोल बाबा महाराज ब्राह्मण सेवा संघ के संरक्षक थे। जब से ब्राह्मण सेवा संघ की स्थापना हुई, तभी से वे उसके संरक्षक के रूप में प्रतिष्ठित रहे। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि, वो उन्हें अपने निज धाम में वास दें। ब्राह्मण सेवा संघ के अध्यक्ष आचार्य आनंदबल्लभ गोस्वामी ने कहा कि पूज्य बाबा महाराज अत्यंत सेवा भावी संत थे।जब भी आवश्यकता होती, वो ब्रजवासियों के लिए सेवा हेतु सदैव तत्पर रहते थे। प्रदेश अध्यक्ष संजय पंडित पाराशर एवं जयप्रकाश सारस्वत ने कहा कि बाबा महाराज का हंसमुख स्वभाव और ठहाका लगाने की प्रवृति हम सभी को प्रसन्नचित कर देती थी। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं डॉ. राधाकांत शर्मा ने कहा कि पूज्य महंत हरिबोल बाबा महाराज धर्म व अध्यात्म जगत की बहुमूल्य निधि थे।उनके न रहने से इस क्षेत्र को जो क्षति हुई है,उसकी भरपाई कर पाना असंभव है। आचार्य ब्रह्मदेव द्विवेदी एवं प्रियाशरण भक्तमाली ने कहा कि हरिबोल बाबा भगवत परायण एवं ब्रजवासियों के अनन्य भक्त थे। पंडित श्याम सुंदर गौतम एवं गोविंद नारायण शर्मा ने कहा कि हरि बोल बाबा संरक्षक ही नहीं हमारे मार्गदर्शक भी थे।उन्होंने वृंदावन कुंभ मेले की पूर्ण अवधि में रोगियों के लिए औषधियों की निःशुल्क व्यवस्था की। इस अवसर पर लाल व्यास गोवर्धन, दीपू मोतीवाला, अनिल कुमार शर्मा, राकेश तिवारी, आचार्य रसिक बिहारी शर्मा, ब्रजेश शर्मा, नीरज गौड, जुगल किशोर कटारे, चैतन्य कटारे, आचार्य गंगाधर पाठक, शौनक तिवारी, हरीश कुमार शर्मा, उद्धव पंडित, श्यामसरदार, पप्पू चौबे, नरेंद्र शर्मा, विनीतद्विवेदी, अजय मिश्रा, अनिलत्रिपाठी, ध्रुव नारायण, अमन शुक्ला, बृजभूषण, बैजनाथ वस्त, चंदेश्वर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त कर पूज्य बाबा महाराज को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कश्मीर में बढ़ा ठंड का प्रकोप



श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में गुरुवार को तापमान शून्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जबकि शोपियां और पहलगाम में तापमान क्रमशः शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे और शून्य से 5.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। ये सबसे ठंडे स्थान रहे। मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) के अनुसार श्रीनगर में मौसम की सबसे ठंडी रात रही क्योंकि बुधवार देर रात तापमान शून्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया जबकि पिछली रात यह शून्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस था, जो राजधानी के लिये औसत से 1.7 डिग्री सेल्सियस कम है। पहलगाम के पर्यटन स्थल में गुरुवार को तापमान शून्य से 5.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि पिछली रात तापमान शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया,जो सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा। दक्षिण कश्मीर स्थित शोपियां शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा स्थान रहा। अनंतनाग में शून्य से 5.1 डिग्री सेल्सियस, कोनीबल में शून्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस, पुलवामा में शून्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस और कुलगाम में शून्य से 4.0 डिग्री सेल्सियस शामिल हैं। गंदेरबल जिले के सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर में कश्मीर के प्रवेशद्वार शहर काजीगुंड में शून्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से 3.0 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में न्यूनतम तापमान में एक डिग्री का सुधार हुआ और यह पिछली रात के शून्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले आज शून्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है। कोकरनाग में तापमान शून्य से कम दर्ज किया गया और पिछली रात 0.4 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 0.2 डिग्री सेल्सियस कम तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। कुपवाड़ा में एक दिन पहले दर्ज किए गए शून्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस कम तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम है। केंद्र शासित प्रदेश में अगले 24 घंटों के दौरान मौसम आमतौर पर शुष्क रहने और 29-30 नवंबर को कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश का अनुमान है।

# राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा जारी, कार्यवाही कल तक स्थगित



नई दिल्ली । अडानी समूह में कथित अनियमिताओं की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग को लेकर राज्यसभा में गुरुवार को भी विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा और सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। सभापति जगदीप धनखड़ ने पहले स्थगन के बाद जब प्रश्नकाल के लिए सदन की कार्यवाही शुरू करने का प्रयास किया तो कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों के सदस्य अपनी सीटों से आगे आकर खड़े हो गए और जोर-जोर से बोलने लगे। इस पर श्री धनखड़ ने कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं लेने के निर्देश दिए। श्री धनखड़ ने सदस्यों से शांत होने की अपील करते हुए कहा कि यह वरिष्ठों का सदन है और 140 करोड लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना इस सदन के सदस्यों का कर्तव्य है। सदस्यों को यह कर्तव्य अवश्य ही पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद सकारात्मक संवाद का स्थान है। उन्होंने सदस्यों से प्रश्नकाल चलाने में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यह बहुत आवश्यक है। हालांकि नारेबाजी कर रहे विपक्ष के सदस्यों पर इस अपील का कोई असर नहीं हुआ तो सभापति ने सदन की कार्यवाही 12 बजकर पांच मिनट पर दिन भर के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। इससे पहले भी शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने जेपीसी गठित करने की मांग को लेकर हंगामा किया था जिसके कारण सदन की कार्यवाही स्थगित की गई थी। सदन में हंगामा जारी रहने के कारण अवश्य ही शून्यकाल बाधित रहा और प्रश्नकाल नहीं हो सका।

# केंद्र सरकार ने बिजली नेटवर्क को बढ़ाने के लिए बनाई 9.1 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना



नई दिल्ली । केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा देश में पावर ट्रांसमिशन इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए 2031-32 तक 9.12 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई गई है। यह जानकारी केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने राज्यसभा में दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, राष्ट्रीय विद्युत योजना (ट्रांसमिशन) के अनुसार, 2022-23 से 2031-32 तक के 10 साल की अवधि में 1.91 लाख किलोमीटर (किमी) ट्रांसमिशन लाइनें और 1274 गीगा वोल्ट एम्पीयर (जीवीए) ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता (220 केवी और ऊपर के वोल्टेज स्तर पर) जोड़ी जाएगी। इसके अलावा 33.25 गीगावॉट हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट (एचवीडीसी) बाय-पोल लिंक की भी योजना बनाई गई है। इसके अलावा अंतर-क्षेत्रीय ट्रांसमिशन क्षमता को वर्तमान स्तर 119 गीगावॉट से बढ़ाकर 2026-27 तक 143 गीगावॉट और 2031-32 तक 168 गीगावॉट तक बढ़ाने की योजना है। इस प्लान में ट्रांसमिशन के नए टेक्नोलॉजी विकल्पों, क्रॉस-बॉर्डर इंटरकनेक्शन और ट्रांसमिशन में निजी सेक्टर की भागीदारी पर जोर दिया गया है। राष्ट्रीय विद्युत योजना (ट्रांसमिशन) में नेपाल, भूटान, म्यांमार, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों के साथ मौजूदा और योजनाबद्ध इंटरकनेक्शन को भी कवर किया गया है। एक अन्य लिखित उत्तर में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में देश में कुल 13,997.5 मेगावाट की 28 जलविद्युत परियोजनाएं (एचईपी) और 6,050 मेगावाट की पांच पंप स्टोरेज परियोजनाएं (पीएसपी) निर्माणाधीन हैं। कुल 19,460 मेगावाट की 28 एचईपी और 4,100 मेगावाट की चार पीएसपी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा एप्रूव किया गया है। उन्होंने कहा कि कुल 8,036 मेगावाट की 11 एचईपी सर्वेक्षण और जांच (एस एंड आई) के अधीन हैं। इसके अलावा बताया कि मौजूदा समय में 29,200 मेगावाट कोयला आधारित क्षमता निर्माणाधीन है, 18,400 मेगावाट क्षमता आवंटित की जा चुकी है और 47,240 मेगावाट संभावित क्षमता विचाराधीन है। मंत्री ने आगे बताया कि 31 अक्टूबर तक कुल 1,27,050 मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता कार्यान्वयन के अधीन है, जबकि 89,690 मेगावाट बोली प्रक्रिया के तहत है।

# सीएम की शपथ के तुरंत बाद शहीद अग्निवीर के आश्रित को नियुक्ति पत्र और 10 लाख मुआवजा देंगे हेमंत सोरेन



रांची । हेमंत सोरेन के चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद सरकार एक्शन मोड में आ जाएगी। सोरेन शपथ ग्रहण के बाद प्रोजेक्ट भवन स्थित झारखंड मंत्रालय के अपने दफ्तर में जाकर कार्यभार संभालेंगे। इसके बाद मंत्रालय में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम में वह सेना के एक शहीद अग्निवीर के आश्रित को सरकारी नौकरी में नियुक्ति का पत्र और उनके परिजनों को 10 लाख रुपए के मुआवजे का चेक सौंपेंगे। इस आशय का पत्र सरकार के उप सचिव ओम प्रकाश तिवारी के हस्ताक्षर से जारी किया गया है। सेना में अग्निवीर के तौर पर सेवारत झारखंड के बोकारो जिला अंतर्गत चंदनकियारी प्रखंड की सिलफोर पंचायत के फतेहपुर निवासी अर्जुन कुमार महतो 22 नवंबर को असम के सिलचर में एक मुठभेड़ के दौरान शहीद हो गए थे। लंकेश्वर महतो के पुत्र अर्जुन कुमार महतो की अग्निवीर जवान के तौर पर 2023 में बहाली हुई थी। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार के कैबिनेट ने पूर्व में ही ड्यूटी के दौरान शहीद या दिवंगत होने वाले अग्निवीर जवानों के एक आश्रित को सरकारी नौकरी और दस लाख मुआवजा देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। पूरे देश में किसी शहीद अग्निवीर के आश्रित को सरकारी नौकरी प्रदान किए जाने का संभवत यह पहला मामला है। हेमंत सोरेन झारखंड के पहले नेता हैं, जो सीएम के तौर पर चौथी बार शपथ लेने जा रहे हैं। उन्होंने पहली बार 13 जुलाई 2013 को झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन के सहयोग से बनी सरकार में सीएम पद की शपथ ली थी। इस सरकार का कार्यकाल 23 दिसम्बर 2014 तक था। दूसरी बार उन्होंने 29 दिसम्बर 2019 को शपथ ली थी। 31 जनवरी 2024 को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्हें सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था। जमानत पर बाहर आने के बाद 4 जुलाई 2024 को उन्होंने तीसरी बार सीएम पद की शपथ ली थी।

# देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाने की मांग, सरकारी आवास के बाहर लगे बैनर




मुंबई । महाराष्ट्र में 23 नवंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजे जारी हुए और भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति को प्रचंड बहुमत मिला। हालांकि, अब तक महायुति ने मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला नहीं लिया है। इस बीच, देवेंद्र फडणवीस के सरकारी आवास के बाहर बैनर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों के जरिए उन्हें मुख्यमंत्री घोषित करने की मांग की गई है। भाजपा नेता कैलाश मंगला ने बैनर को देवेंद्र फडणवीस के सरकारी आवास 'सागर' के बाहर लगाया है, जिसमें उन्होंने फडणवीस को मुख्यमंत्री घोषित करने की मांग की है। इस बैनर में फडणवीस को शपथ लेते दिखाया गया है। इसके अलावा एक नारा भी लिखा है। इससे पहले, एकनाथ शिंदे ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में महाराष्ट्र में अगले सीएम का रास्ता साफ कर दिया। उन्होंने कहा कि सीएम बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फैसला सर्वमान्य होगा। भाजपा का सीएम उन्हें मंजूर होगा। वहीं, फडणवीस ने मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, हमारी महायुति में कभी भी किसी के बीच कोई मतभेद नहीं रहे हैं। हमने हमेशा मिलकर निर्णय लिए हैं और चुनाव से पहले भी हमने यही कहा था कि चुनाव के बाद हम साथ बैठकर निर्णय करेंगे। जिन लोगों के मन में कुछ शंकाएं थीं, उन्हें दूर करने का काम एकनाथ शिंदे ने किया है। जल्द ही हम अपने नेताओं के साथ बैठकर उचित निर्णय लेंगे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 'महायुति' गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है। महायुति में शामिल भाजपा ने 132, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने 41 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, महा विकास अघाड़ी में शामिल शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने सबसे अधिक 20 सीटों पर जीत हासिल की है। कांग्रेस ने 16 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) को 10 सीटों पर जीत मिली है। समाजवादी पार्टी ने दो सीटें जीती हैं जबकि अन्य के खाते में 10 सीटें आई हैं।

# अखिलेश यादव ने सुप्रीम कोर्ट के आशीष मिश्रा को नोटिस जारी करने पर प्रतिक्रिया दी, भाजपा को घेरा



रांची । सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को लखीमपुर खीरी हिंसा के मुख्य आरोपी पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को प्रतिक्रिया दी है। अखिलेश यादव ने कहा, मैं सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करता हूं। भारतीय जनता पार्टी का यही चरित्र है, जहां वो किसी भी संविधान पर भरोसा नहीं करते हैं। न्यायालय पर भरोसा नहीं करते हैं। जितनी भी संवैधानिक संस्था हैं उन पर किसी पर भी भारतीय जनता पार्टी भरोसा नहीं करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी अपने लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए, अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए, जितनी भी संवैधानिक संस्थाएं हैं या जो व्यवस्था बनी है उसको तोड़ मरोड़कर के काम करती है। सुप्रीम कोर्ट का मैं धन्यवाद करता है कि उन्होंने कम से कम यह फैसला लिया है या ऑब्जर्व किया है कि इस तरह की घटना उत्तर प्रदेश में हो रही है।

बता दें कि अखिलेश यादव गुरुवार को हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए झारखंड की राजधानी रांची पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बयान दिया था। जानकारी के अनुसार, आशीष मिश्रा पर गवाहों को धमकाने के आरोप लगे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को लखीमपुर खीरी हिंसा के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां की पीठ ने सुनवाई के दौरान आशीष मिश्रा के वकील सिद्धार्थ दवे से एक हलफनामा दाखिल करने को कहा है, जिसमें मिश्रा पर लगे आरोपों पर सफाई मांगी गई है। गौरतलब है कि साल 2021 में लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा के दौरान आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा का बेटा आशीष मिश्रा मुख्य आरोपी है।

# संभल हिंसा –पुलिस ने शांति भंग मामले में की एक और गिरफ्तारी



संभल । यूपी के संभल में बीते रविवार (24 नवंबर) को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद पुलिस की कार्रवाई जारी है। संभल पुलिस ने शांति भंग के मामले में एक और गिरफ्तारी की है। बताया जा रहा है कि संभल पुलिस ने बुधवार देर रात शांति भंग के मामले में फरहत नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है। इससे पहले संभल पुलिस बीते रविवार को हुई हिंसा के मामले में 27 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इससे पहले, मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि संभल हिंसा में 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और अब तक कुल 7 एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं सुरक्षा कारणों से इलाके में अब तक इंटरनेट सेवा बहाल नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि कानूनी प्रक्रिया के मुताबिक और माननीय अदालतों के निर्देशों का पालन करते हुए हम उपद्रव में शामिल लोगों की पहचान करने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं।पुलिस ने बुधवार को संभल हिंसा में शामिल लोगों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 45 उपद्रवियों के पोस्टर जारी किए थे। साथ ही पुलिस ने बहुत से उपद्रवियों का नाम और पता सार्वजनिक भी कर दिया है। पुलिस ने मोबाइल, सीसीटीवी फुटेज और ड्रोन कैमरों से मिले वीडियो के आधार पर 100 से ज्यादा आरोपियों को चिह्नित किया जा चुका है, जिनमें से 27 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। 24 नवंबर की सुबह संभल की शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया गया था। पुलिस का कहना है कि इस दौरान मस्जिद के पास अराजक तत्वों ने सर्वेक्षण टीम पर पथराव कर दिया। देखते ही देखते माहौल बिगड़ता चला गया। पुलिस ने हालात को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और अराजक तत्वों को चेतावनी भी दी। हिंसा के दौरान चार लोगों की मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### यादव ने किया ज्योतिबा फुले को नमन



भोपाल । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रख्यात समाजसेवी ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। डॉ यादव ने एक्स पोस्ट में कहा, %महान विचारक व समाजसेवी, सत्य शोधक समाज के प्रवर्तक, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, महात्मा ज्योतिबा फुले जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। आपने शोषितों को अनादि परब्रह्म की जीवित कृति के रूप में न केवल स्वीकार किया, अपितु इनके अभ्युदय के लिए आजीवन कार्य करते रहे। नारी शिक्षा एवं वंचितों के उत्कर्ष के लिए समर्पित आपका जीवन प्रेरणादायी है।

### 2022-23 में उत्तीर्ण तथा वर्तमान में पंचम सेमेस्टर की सभी छात्राओं को मोबाइल वितरित किये



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। गौरी शंकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुलन्दशहर, में मुख्यमंत्री डिजिटल सेवा योजना के तहत 2022-23 में उत्तीर्ण तथा वर्तमान में पंचम सेमेस्टर की सभी छात्राओं को मोबाइल वितरित किये गये। इस योजना का उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल शिक्षा तकनीकी उपकरणों की जानकारी प्रदान करना है, जिससे उनकी शिक्षा को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाया जा सके। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री शरद अग्रवाल (सभासद, नगर पालिका) एवं श्री सुखदेव शर्मा (सभासद, नगर पालिका) उपस्थित रहें, जिन्होंने छात्राओं को मोबाइल वितरित करते हुए कहा कि सरकार की यह पहल शिक्षा के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देगी। महाविद्यालय की नोडल अधिकारी श्रीमती पूर्णिमा सिंह जी ने मोबाइल वितरण में अपना सहयोग दिया। मोबाइल प्राप्त कर सभी छात्राएँ बहुत हर्षित एवं उत्साहित हुई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंशु बंसल जी ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएँ दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें डॉ0 लोकेन्द्र शर्मा जी उपस्थित रहे उन्होंने सरकार द्वारा महिलाओं पर होने वाले अपराधों के प्रति सभी को सचेत करते हुए इस विषय से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों की जानकारी प्रदान की, तथा युवा पीढ़ी में नैतिक चरित्र के निर्माण पर बल दिया।

### कस्बा चौकी पर शांति समिति बैठक का हुआ आयोजन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। आपसी सौहार्द बनाये रखें, फ़िज़ा खराब करने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही- सीओ जहाँगीराबाद / संभल की घटना के बाद प्रशासन को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इसी क्रम में कस्बा चौकी में गुरुवार को शांति समिति की एक बैठक का आयोजन सीओ अनूपशहर गिरजा शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया। शांति समिति की बैठक में नगर के हिंदू व मुस्लिम समुदायों के सम्भ्रांत व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक में सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी ने कहा कि जहांगीराबाद नगर की भाईचारे की मिसाल को कायम रखते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शहर की फिज़ा बिगाड़ने का प्रयास करने वाले शरारती तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी और उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही भी की जाएगी। इस मौके पर मौजूद सभासद मनोज शास्त्री, पूर्व सभासद विनय अग्रवाल, विजय गुप्ता, शहर इमाम सैय्यद कलीमुर्रह्मान, मुफ्ती खालिद व हाजी खालिद सिद्दीकी समेत तमाम लोगों ने प्रशासन को सहयोग करने व शहर में अमन चैन से रहने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी महेंद्र त्रिपाठी ने भी कहा कि शरारती तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। बैठक में सभासद ओमप्रकाश लोधी, रिजवान, हसीन सैफी आदि सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी द्वारा खुर्जा ब्लॉक के मोडा खेड़ा गांव के प्राइमरी स्कूल का औचकनिरीक्षण किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। जिलाधिकारी श्री चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा खुर्जा ब्लॉक के मोडा खेड़ा गांव के प्राइमरी स्कूल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रसोई में बने भोजन की गुणवत्ता को देखा और स्कूल की कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से प्रश्न भी पूछे। कई बच्चे बिना स्कूल ड्रेस के मिले उसे पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमत स्कूल ड्रेस में आने के निर्देश दिए साथ ही नियमत साफ सफाई करने को कहा। स्कूल के अध्यापकों का उपस्थिति रजिस्टर चेक किया, जिसमे कई अध्यापकों के हस्ताक्षर न होने पर जिलाधिकारी श्री चन्द्र प्रकाश सिंह द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए, और बच्चों के बैठने के लिए पूर्ण फर्नीचर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। उक्त पश्चात ग्राम नगला सकु के ग्राम सचिवालय का निरीक्षण किया। फैमिली आईडी को जल्द से जल्द बनाने के निर्देश दिए, साथ ही नगला सकु के ग्रामीणों से वार्ता कर राशन समय से वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों द्वारा बताया कि ससमय राशन वितरण किया जाता है। तत्पश्चात ग्राम रोहिंदा के ग्राम सचिवालय का निरीक्षण किया, वहां पर फैमिली आईडी व आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु संबंधित को निर्देशित हुए कहा कि कार्य में तीव्र गति से कार्य पूर्ण करें।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।